Website: www.winews.in | Email: winews.in@gmail.com | दिल्ली, नोएडा,हापुड़, फरीदाबाद, मोदीनगर, मेरठ, सहारनपुर, मुजफ्फरनगर, रूड़की, हरिद्वार, देहरादून, मुरादाबाद, बुलंदशहर, अलीगढ़ मथुरा, आगरा,राजस्थान, पंजाब, बहराइच,रामपुर, लखनऊ, काशीपुर, देवन्बद में प्रसारित

दैनिक गाजियाबाद से प्रकाशित हिन्दी दैनिक

# वेलकम इंडिया

RNI NO. UPHIN/2018/76874

नये भारत की नई सोच

वर्षः 6 अंकः 309 | सोमवार, 10 नवंबर -2025 (गाजियाबाद) | पेज-8 | मूल्य-एक रुपया

## मोहन भागवत बोले

# संघ में केवल हिंदू पर हिंदू धर्म नहीं , सांस्कृतिक पहचान है

**नई दिल्ली।**

मोहन भागवत ने स्पष्ट किया कि संघ में केवल हिंदू शामिल होते हैं, लेकिन हिंदू उनके लिए कोई धर्म नहीं बल्कि भारत की साझा सांस्कृतिक पहचान है। उनका कहना है कि भारत की भूमि का हर पुत्र हिंदू है, और इसी पहचान के साथ मुसलमान व ईसाई भी संघ से जुड़ सकते हैं, जो एकता व भारतीयता पर जोर देता है। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के प्रमुख मोहन भागवत ने रविवार को एक कार्यक्रम में कहा कि संघ में केवल हिंदुओं को शामिल किया जाता है, लेकिन उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि हिंदू कोई धर्म नहीं बल्कि भारत की सांस्कृतिक पहचान है। उनका कहना था कि जो भी भारत की भूमि का पुत्र है, वह



हिंदू है, चाहे वह किसी भी मत या पंथ से क्यों न जुड़ा हो। भागवत नई दिल्ली में आयोजित 100 ईयर्स ऑफ संघ जर्नीः न्यू होराइजन्स व्याख्यान श्रृंखला में बोल रहे थे। कार्यक्रम के दौरान जब उनसे पूछा गया कि क्या मुसलमानों को संघ में आने की अनुमति है, तो उन्होंने कहा, संघ में कोई ब्राह्मण नहीं, कोई मुस्लिम नहीं, कोई ईसाई नहीं- केवल हिंदू हैं। लेकिन इसका अर्थ यह नहीं कि कोई आ नहीं सकता। मुसलमान, ईसाई या किसी भी मत के लोग संघ में आ सकते हैं, बस अपनी अलग पहचान बाहर छोड़कर भारत माता के पुत्र के रूप में आना होगा। उन्होंने आगे कहा कि संघ की शाखाओं में मुसलमान भी आते हैं, ईसाई भी आते हैं, और अन्य सभी जातियों के लोग भी। लेकिन हम किसी की गिनती नहीं करते, न ही यह पूछते हैं कि कौन किस धर्म का है। हम सब भारत माता के पुत्र हैं, यही संघ का कार्य करने का तरीका है। गौरतलब है कि एक दिन पहले मोहन भागवत ने कहा था कि भारत के प्रति जिम्मेदारी हिंदुओं की है, और संघ का उद्देश्य सत्ता प्राप्त करना नहीं बल्कि समाज को संगठित कर राष्ट्र की प्रतिष्ठा बढ़ाना है। उन्होंने यह भी कहा था कि भारत में कोई अहिंदू नहीं है, क्योंकि सभी भारतीयों की पूर्वजों की जड़ें एक ही हैं।

> भागवत ने कहा था, भारत में सभी लोग एक ही वंशजों के हैं, चाहे वे मुस्लिम हों या ईसाई। वे सभी भारतीय संस्कृति से ही निकले हैं, बस उन्हें यह याद नहीं या भुला दिया गया है। उन्होंने यह भी दोहराया कि सनातन धर्म ही हिंदू राष्ट्र की आत्मा है और भारत की एकता को बनाए रखने के लिए संगठित समाज आवश्यक है। उनके शब्दों में, हमारी परंपरा विविधता में एकता की है। विविधता हमारी एकता की सजावट है।

## चुनाव से पहले भारत-नेपाल के बीच बातचीत



**काठमांडू।**

नेपाल में 5 मार्च 2026 को होने वाले आम चुनाव से पहले राजनीतिक हलचल तेज है। भारत के राजदूत नवीन श्रीवास्तव ने नेपाल के गृहमंत्री ओम प्रकाश आर्यल से मुलाकात कर शांति, सुरक्षा और सीमा सहयोग पर चर्चा की। आर्यल ने कहा कि सरकार निष्पक्ष और शांतिपूर्ण चुनाव के लिए प्रतिबद्ध है। नेपाल में अगले साल मार्च में होने वाले आम चुनाव से पहले नेपाल की राजनीति में गर्माहट तेज हो गई है।

हाल में हुए संघर्ष के बाद अंतरिम प्रधानमंत्री बनीं सुशीला कार्की समेत सभी छोटी-बड़ी राजनीतिक पार्टियों ने अपनी-अपनी तैयारी तेज कर दी है। इसी बीच इस चुनाव को लेकर रविवार को भारत के राजदूत नवीन श्रीवास्तव ने नेपाल के गृहमंत्री ओम प्रकाश आर्यल से मुलाकात की।

## जापान में 6.8 तीव्रता का भूकंप, इवाते प्रांत के लिए सुनामी अलर्ट जारी

**नई दिल्ली।** जापान में 6.8 तीव्रता के भूकंप के बाद इवाते प्रांत के लिए सुनामी अलर्ट जारी किया गया है, जिसकी पुष्टि भारत के नेशनल सेंटर फॉर सीस्मोलॉजी ने 6.6 तीव्रता के साथ की है। चार प्रमुख टेक्टोनिक प्लेटों के संगम पर स्थित जापान में यह भूकंपीय गतिविधि सामान्य है, पर जापान मौसम विज्ञान एजेंसी की चेतावनी के बाद हाई अलर्ट पर निगरानी जारी है। जापान में रविवार शाम को समुद्र में आए तेज झटकों के बाद इवाते प्रांत के लिए सुनामी अलर्ट जारी किया गया है। जानकारी के मुताबिक, स्थानीय समयानुसार शाम करीब 5:03 बजे उत्तरी प्रशांत महासागर क्षेत्र में 6.8 तीव्रता का भूकंप आया, जिसके बाद जापान मौसम विज्ञान एजेंसी ने चेतावनी जारी की है। मौजूद जानकारी के अनुसार, यह भूकंप इवाते के तट से दूर समुद्र में आया था और इसके बाद एक मीटर तक ऊंची लहरों वाली सुनामी आने की आशंका जताई गई है। हालांकि, राष्ट्रीय प्रसारक एनएचके के अनुसार, तटीय इलाकों में समुद्र की लहरों में हलचल देखी गई है, लेकिन टीवी फुटेज में समुद्र सामान्य दिखाई दे रहा है। फिर भी, प्रशासन ने लोगों से समुद्र किनारे जाने से बचने की अपील की है।

## पाकिस्तान में 'संविधान बचाओ' आंदोलन

**नई दिल्ली।** पाकिस्तान में प्रस्तावित 27वें संविधान संशोधन विधेयक पर गहरा राजनीतिक घमासान जारी है, जिसे विपक्ष 'संविधान की नींव हिलाने' वाला बताकर देशव्यापी विरोध प्रदर्शन कर रहा है। यह संशोधन सैन्य नेतृत्व, न्यायपालिका और राष्ट्रपति की आजीवन आपराधिक छूट जैसे संवेदनशील क्षेत्रों में व्यापक बदलाव का प्रस्ताव करता है, जिससे देश के संवैधानिक ढांचे पर गंभीर सवाल उठ रहे हैं। पाकिस्तान की संसद में प्रस्तावित 27वें संविधान संशोधन विधेयक को लेकर राजनीतिक घमासान मच गया है। जहां सरकार इसे पारित करने की तैयारी में है, वहीं विपक्षी गठबंधन ने इस कदम की कड़ी आलोचना करते हुए इसे 'संविधान की नींव हिलाने' वाला बताया है और इसके खिलाफ रविवार से देशव्यापी विरोध प्रदर्शन की घोषणा की है।



# दूसरे चरण का प्रचार खत्म, 11 नवंबर को 122 सीटों पर दिग्गजों की अग्निपरीक्षा

**नई दिल्ली।**

बिहार विधानसभा चुनाव के दूसरे चरण का चुनावी शोर थमने के बाद, 11 नवंबर को 122 सीटों पर होने वाला मतदान राज्य की राजनीतिक दिशा तय करेगा। इस महत्वपूर्ण चरण में 1302 उम्मीदवारों सहित मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के 16 मंत्री मैदान में हैं, जो ठऊअ और महागठबंधन के भविष्य के लिए निर्णायक साबित हो सकता है। बिहार विधानसभा चुनाव के दूसरे और आखिरी चरण का चुनावी शोर शनिवार शाम समाप्त हो गया है। राज्य के 20 जिलों की 122 सीटों पर अब किसी भी प्रकार की सभा, रैली या रोड शो पर प्रतिबंध लागू रहेगा। पहले चरण के लिए 6 नवंबर को वोटिंग हुई थी, जिसमें रिकॉर्ड 65 फीसदी मतदान हुआ था। दूसरे चरण के लिए वोटिंग 11 नवंबर को होगी, जिसमें 1302 उम्मीदवारों की किस्मत ईवीएम में कैद होगी और 14 नवंबर को चुनावी परिणाम सामने आएगा। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के मंत्रिमंडल के 16 मंत्री (जिनमें उप-मुख्यमंत्री भी शामिल हैं) इस चरण में अपनी किस्मत आजमा रहे हैं। प्रमुख सीटों में तेजस्वी यादव की राघोपुर, जदयू मंत्री सुमित कुमार सिंह की चकई, भाजपा विधायक श्रेयसी सिंह की जमुई, जदयू मंत्री लेशी सिंह की धमदाहा और भाजपा मंत्री नीरज कुमार सिंह की छातापुर शामिल हैं। दूसरे चरण में पश्चिमी चंपारण, पूर्वी चंपारण, सीतामढ़ी, शिवहर, मधुबनी, सुपौल, अररिया, किशनगंज, पूर्णिया, कटिहार, भागलपुर, बांका, जमुई, गया, औरंगाबाद, जहानाबाद, अरवल, कैमूर, नवादा और रोहतास जिलों में मतदान होगा।

> **मैदान में उतरे दिग्गज**
>
> दूसरे चरण की वोटिंग में कई बड़े राजनीतिक दिग्गजों की प्रतिष्ठा दांव पर है, जिससे मुकाबला काफी दिलचस्प हो गया है। महागठबंधन के सीएम पद के उम्मीदवार और राजद नेता तेजस्वी प्रसाद यादव इस चरण में चुनाव लड़ रहे हैं। ठऊअ के प्रमुख चेहरे उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी और विजय कुमार सिन्हा भी मैदान में हैं।

# भारत ने ऑस्ट्रेलिया को 2-1 से हराई टी20 सीरीज

**नई दिल्ली।**

भारत ने ऑस्ट्रेलिया को 2-1 से हराकर टी-20 सीरीज अपने नाम की, जिसमें आखिरी मैच बारिश के कारण रद्द हो गया। अभिषेक शर्मा ने शानदार प्रदर्शन करते हुए 163 रन बनाए, जबकि शुभमन गिल ने भी आखिरी रद्द मैच में तेजी से रन ठोके, जिससे टी20 विश्व कप से पहले भारतीय टीम की शानदार फॉर्म दिखी।

भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच खेली गई पांच मैचों की टी-20 सीरीज 2-1 से भारत के नाम रही हैं। आखिरी मुकाबला ब्रिसबेन के गाबा मैदान में बारिश के कारण रद्द कर दिया गया,




जिसके बाद टीम इंडिया ने यह सीरीज अपने नाम की हैं। बता दें कि यह मुकाबला पूरी तरह बिक चुका था, लेकिन छह ओवर पूरे न होने के कारण दर्शकों को पूरे पैसे वापस किए जाएंगे। जानकारी के अनुसार, भारत ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए शानदार शुरूआत की थी। शुभमन गिल और अभिषेक शर्मा ने पहले 4.5 ओवर में बिना विकेट खोए 52 रन जोड़ दिए थे। इसी बीच मैदान के आसपास बिजली गिरने और फिर तेज बारिश ने खेल रोक दिया, जिसके बाद मैच दोबारा शुरू नहीं हो सका हैं। गौरतलब है कि अभिषेक शर्मा ने इस सीरीज में शानदार प्रदर्शन किया और कुल 163 रन बनाए हैं। उन्होंने मैच के बाद कहा, मैं इस टूनार्मेंट का बेसब्री से इंतजार कर रहा था, हमारी योजना स्पष्ट थी और हमने उसे अच्छी तरह लागू किया। वहीं, ऑस्ट्रेलियाई कप्तान मिचेल मार्श ने कहा कि इतनी बारिश के व्यवधानों के बावजूद सीरीज बेहतरीन रही।


## कल सात राज्यों में होगा विधानसभा उपचुनाव

**नई दिल्ली।** सात राज्यों/केंद्र शासित प्रदेशों की आठ विधानसभा सीटों पर मंगलवार को मतदान होगा। जम्मू-कश्मीर के बडगाम और नगरोटा, झारखंड के घाटशिला, पंजाब के तरनतारन, राजस्थान के अंता, तेलंगाना के जुबली हिल्स, मिजोरम के डम्पा और ओडिशा के नुआपाड़ा विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों में उपचुनाव के मतदान के लिए तैयारियां की जा रही हैं। गौरतलब है कि उमर अब्दुल्ला विधानसभा चुनाव में बडगाम और गांदेरबल दो सीटों से चुनाव जीते थे।

# ब्राजील में टोनेडी से भारी तबाही, 6 की मौत, 750 घायल

**नई दिल्ली।**

ब्राजील के दक्षिणी राज्य पराना में एक बेहद शक्तिशाली टोनेडी ने भारी तबाही मचा दी। तूफान में 6 लोगों की मौत, 1 व्यक्ति लापता और करीब 750 लोग घायल हुए। यह घटना इतनी तेज थी कि सिर्फ एक मिनट में पूरा शहर उजड़ गया। स्थानीय अधिकारियों के अनुसार, यह टोनेडी रियो बोनितो दो इगुआसू शहर में आया और देखते ही देखते शहर का लगभग 90% हिस्सा नष्ट हो गया। इस शहर की आबादी लगभग 14000 है। घायलों में से 10 लोगों की सर्जरी की गई है, जबकि 9 गंभीर हालत में हैं। आपदाग्रस्त इलाकों में बचाव और राहत कार्य जारी है और प्रशासन ने बताया कि मृतकों की संख्या बढ़ सकती है। पराना राज्य के गवर्नर कार्लोस मासा राटिन्हो जूनियर ने तीन दिन के शोक की घोषणा की है। ब्राजील के राष्ट्रपति लुइज इनासियो लूला दा सिल्वा ने एक्स पर पोस्ट कर प्रभावित परिवारों के प्रति संवेदना व्यक्त की। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार की टीम, जिसमें स्वास्थ्य और राहत मंत्रालय के अधिकारी शामिल हैं प्रभावित क्षेत्र में भेज दी गई है और राहत व पुनर्निर्माण का काम शुरू कर दिया गया है।



# दिल्ली में प्रदूषण का कहर



**नई दिल्ली।**

राजधानी दिल्ली में वायु प्रदूषण निवासियों के लिए चिंता का विषय बना हुआ है, लेकिन नगर निकायों द्वारा निवारक उपायों में लापरवाही के कारण यह समस्या और भी विकराल हो गई है। धूल प्रदूषण को नियंत्रित करने की ज़िम्मेदारी एमसीडी और दिल्ली सरकार के विभिन्न विभागों की है, लेकिन जमीनी स्तर पर प्रदूषण-रोधी उपाय नाकाफी साबित हो रहे हैं। दिल्ली में जगह-जगह पड़ा मलबा वायु प्रदूषण को बढ़ा रहा है। हालाँकि, मलबे से होने वाले धूल प्रदूषण को नियंत्रित करने के लिए शेड का निर्माण अभी पूरा नहीं हुआ है। पिछले तीन-चार सालों से इन स्थलों के आसपास 12-12 फुट ऊँचे शेड बनाकर प्रदूषण रोकने का प्रावधान है। हालात यह हैं कि दिल्ली में निर्माण और विध्वंस अपशिष्ट (सीएंडडी) डालने के लिए 106 स्थलों की पहचान की गई है। इनमें से केवल 59 स्थलों पर ही शेड और पानी के छिड़काव की सुविधा उपलब्ध है। बाकी स्थलों के लिए अभी भी व्यवस्थाएँ चल रही हैं। इनमें से ज्यादातर स्थल चौड़ी सड़कों के किनारे स्थित हैं। इसलिए, जब वाहन मलबे के ढेर के पास से तेज गति से गुजरते हैं, तो धूल उड़ती है। इससे वायु प्रदूषण बढ़ता है। फिलहाल, स्थिति 106 स्थलों तक सीमित है। वर्तमान में, नियमों के अनुसार, नागरिक इन स्थलों पर 20 मीट्रिक टन निर्माण और विध्वंस अपशिष्ट डाल सकते हैं।

> एमसीडी इन स्थलों की संख्या बढ़ाकर 250 करने की योजना बना रही है, यानी हर वार्ड में एक स्थल। इसके बावजूद, पहले से चिन्हित स्थलों पर व्यवस्थाएँ नहीं की गई हैं, इसलिए यह कल्पना करना मुश्किल है कि नए स्थल कब बनेंगे।

## संपादक की कलम से

# घुसपैठियों के सेवा सदन

प्रधानमंत्री मोदी, गृहमंत्री अमित शाह और बिहार चुनाव के प्रभारी एवं केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेन्द्र प्रधान विदेशी घुसपैठियों के मुद्दे पर कुछ भी बयान देते रहें, पांच साल में बिहार को घुसपैठिया-मुक्त करने के दावे करते रहें, लेकिन 11 साल की भारत सरकार में उन्होंने कितने घुसपैठियों को चिह्नित किया और उनके देश वापस भेजा है, इसकी सही संख्या बताने को कोई तैयार नहीं है। भाजपा 1989 से संयुक्त बिहार में घुसपैठियों का मुद्दा उठाती रही है, लेकिन आज भी वह



ललित शर्मा
संपादक

उतना ही प्रासंगिक है। चूंकि बिहार में दूसरे चरण के मतदान से पहले गांवों-कस्बों में जातीय गोलबंदी कसती जा रही है, लिहाजा प्रधानमंत्री, गृहमंत्री और भाजपा के बड़े नेताओं को मजबूरन घुसपैठ, घुसपैठ चिल्लाना पड़ रहा है। जातीय गोलबंदी की काट के लिए हिंदू-मुसलमान का राग अलापना पड़ा है। घुसपैठियों के स्थूल मायने हैं कि वे मुसलमान ही होंगे, लिहाजा इस तरह भाजपा हिंदू वोट बैंक को लामबंद करने की राजनीति खेल रही है। गृहमंत्री अमित शाह ने तो यहां तक कह दिया कि राहुल बाबा और लालू के बेटे को वोट की खातिर घुसपैठिया यात्रा निकालनी पड़ी। वे उन्हें देश के नागरिक बनाने पर आमादा हैं, लेकिन हम घुसपैठियों को चुन-चुन कर देश से बाहर निकालेंगे। मई, 2014 से पहले लगातार 10 साल तक केंद्र में कांग्रेस नेतृत्व की यूपीए सरकार थी। उस दौरान 2005 से 2013 तक कुल 88,792 विदेशी घुसपैठियों की धरपकड़ की गई। उन्हें उनके मूल देश वापस भी भेजा गया होगा, लेकिन मौजूदा भाजपा-एनडीए सरकार के अभी तक 11 साल के कार्यकाल में 2500 घुसपैठियों को भी चिह्नित करके देश से खदेड़ा नहीं जा सका है। यह सरकारी आंकड़ों से ही स्पष्ट है। इस साल अक्तूबर, 2025 तक का आंकड़ा मात्र 235 है, जबकि करीब 1100 घुसपैठिए दिल्ली के सेवा सदनों में हिरासत में कैद हैं, लेकिन रोटियां फाड़ रहे हैं और सरकारी मलाई चाट रहे हैं। दरअसल मोदी सरकार की एक नई सोच, रणनीति, दृष्टि सामने आई है, जिसे देश शायद ही जानता होगा! केंद्रीय गृह मंत्रालय ने एक गजट अधिसूचना के जरिए राज्यों और संघशासित प्रदेशों को आदेश जारी किए हैं कि वे अवैध, विदेशी घुसपैठियों के लिए डिटेंशन सेंटर (हिरासत केंद्र) स्थापित करें। गृह मंत्रालय का तर्क है कि ये हिरासत केंद्र बनाना इसलिए जरूरी है, ताकि घुसपैठियों को देश से बाहर निकालने से पहले उनकी देश के भीतर आवाजाही प्रतिबंधित की जा सके। मोदी सरकार अमरीकी राष्ट्रपति ट्रंप की तरह घुसपैठियों को हथकड़ी और बेडि ?ों में बांध कर देश-निकाला क्यों नहीं दे सकती? अमरीका ने तो भारतीय अवैध प्रवासियों को इस तरह भेजा था, लेकिन मोदी सरकार एक लंबी प्रक्रिया के तहत इस समस्या को बरकरार रखना चाहती है। गृह मंत्रालय ने ये आदेश भी जारी किए हैं, जिनकी परिधि में निजी क्षेत्र भी है। आदेश के अनुसार, कोई भी विदेशी, जिसके पास भारत में रोजगार करने का वैध वीजा है, वह नागरिक प्राधिकरण की अनुमति के बिना, बिजली या पानी की आपूर्ति अथवा पेट्रोलियम क्षेत्र में कार्यरत निजी क्षेत्र के किसी भी उपक्रम में, काम नहीं कर सकेगा। रक्षा, अंतरिक्ष प्रौद्योगिकी, परमाणु ऊर्जा या मानवाधिकार अथवा इस संबंध में निर्दिष्ट किसी अन्य निजी क्षेत्र के उपक्रम में, केंद्र सरकार की पूर्व अनुमति के बिना, ऐसे विदेशियों को रोजगार पर नहीं रखा जा सकता। सवाल है कि विदेशी घुसपैठियों के मद्देनजर यह सब कुछ करना क्यों जरूरी समझा गया? क्या घुसपैठियों को चिह्नित करने, उन्हें सजा देने, अंतत: उनके मूल देश वापस भेजने में भारत सरकार को दिक्कतें पेश आ रही हैं? अब तो ब्रिटेन ने भी भारतीय अप्रवासियों के करीब 98,000 वीजा दोबारा चैक करने का फैसला लिया है। जाहिर है कि वह भी अवैध घुसपैठियों को देश से निकालने की राह पर चल पड़ा है। राजधानी दिल्ली में ही घुसपैठियों के लिए तीन सेवा सदन स्थापित हैं।

## उदय किशोर साह



### भूल गये गाँव जवार

कविता

भूल गये वो गाँव की सूनी गलियाँ
भूल गये ग्रामीण अंचल संसार
भूल गये वो गाँव की मिट्टी की खुशबू
भूल गये वो प्रेम मोहब्बत की संस्कार

भूल गये वो पीपल की शीतल छईयाँ
भूल गये बुढ़ा बरगद का विशाल द्वार
भूल गये वो कल कल बहती नदियाँ
भूल गये कुंज में बसा पंछी का प्यार

भूल गये वो उपवन की रंगीन कलियाँ
भूल गये भौंरों का मधुर वो गुलजार
भूल गये दादा दादी की संघर्ष की कहानी
भूल गये पहाड़ों से निकलती ठंडी बयार

भूल गये गाँव की धूल धुसरित पंगडंडियाँ
भूल गये दोस्तों के संग मनाते वो त्यौहार
भूल गये वो मिट्टी की रंग बिरंगी खिलौने
भूल गये शांति संदेश का सब व्यवहार

भूल गये प्रेम से सिंचित वो बाग बगीचे
भूल गये अपना विशाल संयुक्त परिवार
भूल गये अपनापन की। जन भावना
भूल गये बड़ों की आदर व सत्कार

भूल गये भोर की मंदिर की को पावन घंटियाँ
भूल गये वैदिक पूजा पाठ् की शुद्धि संस्कार
भूल गये वो अखाड़े में पसीना बहते कसरत
भूल गये शांति सूकून का अपना दरवार

स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक ललित कुमार द्वारा वेलकम इंडिया प्रिन्टर्स, 1/26, साउथ साइड, जी टी रोड़, गाजियाबाद-201001 से मुद्रित कराकर ग्राउन्ड फ्लोर, दुर्गा टॉवर, आर.डी.सी राजनगर, गाजियाबाद 201002 से प्रकाशित किया। संपादक : ललित शर्मा
सम्पर्क सूत्र: 9891116568

किसी कानूनी विवाद की स्थिति में निपटारा गाजियाबाद न्यायालय में ही होगा।

*जी-20 पैनल के अध्ययन के अनुसार, वर्तमान में वैश्विक स्तर पर असमानता भयावह स्तर तक जा पहुंची है। निस्संदेह, भारत भी इस स्थिति में अपवाद नहीं है। देश के सबसे अमीर एक फीसदी लोगों ने केवल दो दशक में अपनी संपत्ति में 62 फीसदी की वृद्धि की है। दुनिया की इस चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था में अमीर लगातार अमीर होते जा रहे हैं। विश्व अर्थव्यवस्था पर किए गए हालिया अध्ययन विशेषकर जी-20 पैनल की रिपोर्ट ने एक बार फिर यह स्पष्ट कर दिया है कि धन और संपति के वितरण में असमानता अब चरम पर पहुंच चुकी है। रिपोर्ट के अनुसार आज दुनिया की नई बनी संपत्तियों का लगभग तिरेसठ प्रतिशत हिस्सा मात्र एक प्रतिशत अमीर लोगों के पास है जबकि निचले पचास प्रतिशत गरीब लोगों के हिस्से में केवल एक प्रतिशत संपत्ति आई है। यह असमानता केवल आर्थिक नहीं बल्कि नैतिक, सामाजिक और मानवीय संकट का भी संकेत है। यह स्थिति एक आदर्श विश्व सरंचना के लिये भी बड़ी बाधा है। यह ऐसी त्रासद, विद्रोहपूर्ण एवं विडम्बनापूर्ण स्थिति है जिसमें एक तरफ लोग मूलभूत सुविधाओं के अभाव में सड़कों पर उतर रहे हैं तो दूसरी ओर अमीर से और अमीर होते लोगों की विलासिता के किस्से तमाम हैं।*



# अमीरी में अभिवृद्धि विद्रोह एवं संकट का बड़ा कारण

उदारीकरण व वैश्वीकरण के दौर के बाद पूरी दुनिया में आर्थिक असमानता रूकने का नाम नहीं ले रही है, इससे एक बड़ी आबादी में विद्रोह एवं क्रांति के स्वर उभर रहे हैं। सन 2000 से 2024 के बीच विश्व अर्थव्यवस्था में अभूतपूर्व वृद्धि हुई, तकनीकी विकास हुआ, उत्पादन बढ़ा और वैश्वीकरण के नाम पर बाजारों का विस्तार हुआ, लेकिन इस विकास का लाभ समान रूप से नहीं बंटा। अमीर और अमीर होते गए, गरीब और गरीब। सन 2000 में जहां विश्व की कुल संपत्ति का पैंतालीस प्रतिशत हिस्सा शीर्ष एक प्रतिशत लोगों के पास था, वहीं 2024 तक यह बढ़कर तिरेसठ प्रतिशत से भी ऊपर पहुंच गया। इसी अवधि में आधी से अधिक आबादी के हिस्से की संपत्ति घटकर केवल एक प्रतिशत रह गई। यह आंकड़े केवल संख्या नहीं, मानवता की दिशा के संकेत हैं कि हम प्रगति के नाम पर असंतुलन का साम्राज्य खड़ा कर रहे हैं। जो विद्रोह का कारण बन रहा है, हिंसा एवं अलगाव का भी कारण बन रहा है। जी-20 पैनल के अध्ययन के अनुसार, वर्तमान में वैश्विक स्तर पर असमानता भयावह स्तर तक जा पहुंची है। निस्संदेह, भारत भी इस स्थिति में अपवाद नहीं है। देश के सबसे अमीर एक फीसदी लोगों ने केवल दो दशक में अपनी संपत्ति में 62 फीसदी की वृद्धि की है। दुनिया की इस चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था में अमीर लगातार अमीर होते जा रहे हैं। वहीं दूसरी ओर गरीब अभाव, तंगी एवं जहालत के दलदल से बाहर आने के लिए छटपटा रहे हैं। इस आर्थिक असमानता का ही नतीजा है कि अमीर व गरीब के बीच संसाधनों का असमान वितरण और बदतर स्थिति में पहुंच गया है। ऑक्सफैम इंडिया की रिपोर्ट बताती है कि देश के शीर्ष दस प्रतिशत लोगों के पास कुल संपत्ति का लगभग सतहत्तर प्रतिशत हिस्सा है जबकि निचले साठ प्रतिशत लोगों के हिस्से में मात्र 4.7 प्रतिशत संपत्ति आती है। बीते दशक में अरबपतियों की संख्या दोगुनी हो गई लेकिन मजदूर, किसान और मध्यम वर्ग की आमदनी स्थिर रही या घटी। एक ओर महानगरों में गगनचुंबी इमारतें, विलासिता और अति उपभोग की चकाचौंध है, तो दूसरी ओर गाँवों और झुग्गियों में रोटी और दवा के लिए संघर्षरत लोग हैं। यही विरोधाभास हमारी विकास यात्रा का सबसे बड़ा प्रश्न बन गया है। निस्संदेह, पैनल की हालिया रिपोर्ट नीति-निमार्ताओं को असमानता के इस बढ़ते अंतर को पाटने के तरीके तलाशने और नये साधन खोजने के लिये प्रेरित करेगी। पिछले ही हफ्ते, केरल सरकार ने दावा किया था कि राज्य ने अत्यधिक गरीब तबके की गरीबी का उन्मूलन कर दिया है। हालांकि, कुछ विशेषज्ञों ने इन दावों को लेकर संदेह जताया है।

*अमीर देशों की बहुराष्ट्रीय कंपनियों ने इन संकटों से भी मुनाफा कमाया जबकि विकासशील देशों में भोजन, शिक्षा और स्वास्थ्य की उपलब्धता घटती गई। विकास का अर्थ हमने केवल सकल घरेलू उत्पाद की वृद्धि तक सीमित कर दिया है। समाज में नैतिकता, समानता, सहानुभूति और पर्यावरणीय न्याय जैसे तत्व विकास की परिभाषा से गायब हो गए हैं। अमीर देशों की कंपनियां गरीब देशों के संसाधनों का दोहन करती हैं, और गरीब देशों के श्रमिक उनके उत्पादन का आधार बन जाते हैं। यह एक नया आर्थिक उपनिवेशवाद है, जहां अब सत्ता नहीं, पूंजी शासन करती है। गरीबी उन्मूलन की तस्वीर को केवल संख्याएं ही पूरी तरह नहीं उकेर सकती हैं। गरीबी कम करने के प्रयासों के दावों के मुताबिक जमीनी स्तर पर गुणात्मक बदलाव भी नजर आना चाहिए, आम जीवनस्तर उन्नत होता हुआ भी दिखना चाहिए। हालांकि, अर्थशास्त्री आमतौर पर संपत्ति कर लगाने के पक्षधर नहीं होते हैं, लेकिन सरकार को यह सुनिश्चित करना चाहिए कि अति-धनी लोग सरकारी खजाने में अपना उचित योगदान दें। अब चाहे कोई अमीर हो या गरीब, सबका ध्यान विकास पर केंद्रित किया जाना चाहिए। तभी देश उत्पादकता के क्षेत्र में आगे बढ़कर गरीबी उन्मूलन की दिशा में सार्थक प्रगति कर सकता है। यह पहल ही नये भारत, विकसित भारत के सपने को साकार करने में मददगार साबित हो सकती है। गरीबी-अमीरी के असंतुलन की स्थिति से निकलने का एक ही मार्ग है- धन का न्यायपूर्ण पुनर्वितरण, समान अवसर और समाजोपयोगी नीति। कर व्यवस्था ऐसी हो जो अमीरों से अधिक कर लेकर गरीबों की शिक्षा, स्वास्थ्य और जीवन स्तर को सुदृढ़ करे। अवसरों की समानता तभी संभव है जब शिक्षा और स्वास्थ्य सभी के लिए समान रूप से सुलभ हों। लोकतंत्र में पारदर्शिता और जवाबदेही आवश्यक है ताकि नीति पूंजी के लिए नहीं, नागरिक के लिए बने। परंतु केवल नीतियों से नहीं, दृष्टि से परिवर्तन आएगा। स्वामी विवेकानंद ने कहा था-गरीब पापी नहीं, जीवित देवता हैं। उनकी सेवा ही ईश्वर की सेवा है। दूसरी बड़ी बात है कि जब कुछ लोग सब कुछ पा लेते हैं, तो बाकी सब कुछ खो देते हैं। इसलिये सरकारें वोट बैंक की राजनीति से इतर ईमानदारी से पहल करें तो गरीबी उन्मूलन की दिशा में सार्थक, समता एवं सतुलन के दृश्य स्थापित किये जा सकते हैं। चुनाव से पहले मुफ्त की रेवड़ियां बांटने की तेजी से बढ़ती प्रवृत्ति पर अंकुश लगाया जाना चाहिए। यह एक हकीकत है कि कोई भी सुविधा मुफ्त नहीं हो सकती। इस तरह की लोकलुभावनी कोशिशों से राज्यों का वित्तीय घाटा ही प्रभावित होता है। जिसकी कीमत लोगों को विकास योजनाओं से दूर रहकर ही चुकानी पड़ती है।*

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के गरीबी मुक्त भारत के निर्माण का संकल्प भी आश्चर्यकारी सफलता के साथ आगे बढ़ रहा है। करीब 25 करोड़ लोगों को गरीब से बाहर लाया गया है। इस साल की शुरूआत में, विश्व बैंक ने भी बताया था कि भारत 2011-12 और 2022-23 के बीच 17 करोड़ लोगों को गरीबी की दलदल से बाहर निकालने में सफल रहा है। मोदी सरकार के जन-केंद्रित विकास और सामुदायिक भागीदारी के लाभों को नजरअंदाज नहीं किया जा सकता है। निस्संदेह, इस पहल ने करोडों अत्यंत गरीब परिवारों को भोजन, स्वास्थ्य सेवा और आजीविका के बेहतर साधनों तक पहुंचने में मदद की है। फिर भी देश में धन-संपत्ति की असमानता केवल आर्थिक नहीं, बल्कि असंतोष और हिंसा की जड़ है। जब परिश्रमी व्यक्ति को उसका उचित मूल्य नहीं मिलता, जब समाज में अवसर और सम्मान का समान वितरण नहीं होता, तब भीतर आक्रोश और विद्रोह जन्म लेता है। प्रसिद्ध अर्थशास्त्री थॉमस पिकेटी ने कहा है कि जब पूंजी की आय दर आर्थिक वृद्धि दर से अधिक हो जाती है, तब समाज में असमानता बढ़ती है और लोकतंत्र की जड़ें हिल जाती हैं। आज यही हो रहा है। आर्थिक असंतुलन से सामाजिक असंतुलन उपज रहा है, अविश्वास और द्वेष का वातावरण बन रहा है। कोरोना महामारी ने इस असमानता को और गहरा किया। जब करोड़ों लोग बेरोजगार और निर्धन हो गए, तब कुछ गिने-चुने उद्योगपतियों और कंपनियों की संपत्ति कई गुना बढ़ गई। इसका अर्थ यह है कि संकट भी अब वर्ग विशेष के लिए अवसर बन गया है। युद्धों, ऊर्जा संकट और बढ़ती महंगाई ने गरीब देशों की स्थिति को और भी कठिन बना दिया।

## घर बैठे कंट्रोल करें अपना ब्लड शुगर, ये 3 हर्ब्स दिलाएंगे डायबिटीज से स्थायी राहत

ऐसे में आज इस आर्टिकल के जरिए हम आपको 3 ऐसे हर्ब्स के बारे में बताने जा रहे हैं, जिनसे हर डायबिटीज पेशेंट को दोस्ती करना चाहिए। आज हम आपको इन हर्ब्स के फायदे और इनको खाने के सही तरीके के बारे में बताने जा रहे हैं। 6 दिनों में ही रक्तवाहिकाएँ 18 साल की उम्र जैसी हो जाएँगी! बस रोज सुबह खाली पेट यह करना है डायबिटीज को कंट्रोल करने में हेल्दी खानपान की अहम भूमिका होती है। बता दें कि कई ऐसे फल, सब्जियां, मसाले और हर्ब्स हैं, जोकि डायबिटीज को मैनेज करने में सहायता कर सकते हैं। एक्सपर्ट के मुताबिक दवाओं के साथ अगर आप कुछ हर्ब्स को अपनी डाइट का हिस्सा बनाएंगे और खान-पान से रिफाइंड शुगर को दूर रखेंगे, तो आप आसानी से ब्लड शुगर को मैनेज कर पाएंगे। ऐसे में आज इस आर्टिकल के जरिए हम आपको 3 ऐसे हर्ब्स के बारे में बताने जा रहे हैं, जिनसे हर डायबिटीज पेशेंट को दोस्ती करना चाहिए। आज हम आपको इन हर्ब्स के फायदे और इनको खाने के सही तरीके के बारे में बताने जा रहे हैं।




**विजयसार:** आयुर्वेद में विजयसार को ब्लड शुगर लेवल को कंट्रोल करने वाला एक पॉवरफुल हर्ब माना गया है। विजयसार मेटाबॉलिज्म को सुधारने के साथ एक्स्ट्रा कफ, फैट और टॉक्सिन्स को कम करता है। आयुर्वेद के मुताबिक जब डाइजेशन धीमा हो जाता है और बॉडी में वेस्ट जमने लगता है, तो डायबिटीज हो सकती है। विजयसार के सेवन से यह साफ होता है। हालांकि यह खाने में थोड़ा कड़वा और नेचर में ड्राई होता है। लेकिन यह हमारी सिस्टम से एक्स्ट्रा शुगर को बाहर निकालने में सहायता करता है। इसके सेवन से डाइजेशन में सुधार होता है और एनर्जी बैलेंस में रहती है। इसकी लकड़ी को रातभर पानी में भिगोकर रख दें। फिर अगली सुबह वह पानी पिएं। इससे ब्लड शुगर लेवल बैलेंस होता है और मेटाबॉलिज्म भी दुरुस्त होता है।

**गुड़मार:** बता दें कि यह एक ऐसा हर्ब है, जो डायबिटीज से लड़ने में मदद करता है। साथ ही यह अतिरिक्त कफ को भी बैलेंस करता है और बॉडी से एक्स्ट्रा मधु को बाहर निकालता है। जोकि शुगर की वजह होता है। गुड़मार एक्स्ट्रा फैट और टॉक्सिन्स को बाहर निकालता है और इसका सेवन करने से मेटाबॉलिज्म और डाइजेस्टिव फायर दुरुस्त होता है। गुड़मार शरीर में शुगर अब्जॉर्बेशन को कंट्रोल करता है।

**कलौंजी:** आयुर्वेद में कलौंजी को गुणों की खान माना जाता है। कलौंजी डायजेशन को सुधारने के साथ टॉक्सिन्स को कम करता है। वहीं जिन लोगों का मेटाबॉलिज्म स्लो है, तो उनको कलौंजी का सेवन जरूर करना चाहिए।

यह ब्लड शुगर लेवल को कंट्रोल करने के साथ ही इंसुलिन फंक्शन को भी सुधारता है।

## एक चुटकी नमक से दूर करें कई रोग! घर बैठे पाएं बुखार, दर्द और नींद की समस्या से मुक्ति

नमक, जो सिर्फ खाने का स्वाद नहीं बढ़ाता बल्कि शरीर के लिए इलेक्ट्रोलाइट संतुलन भी बनाए रखता है, पारंपरिक रूप से कई बीमारियों के उपचार में इस्तेमाल होता रहा है। स्वास्थ्य विशेषज्ञों के अनुसार, नमक का सही प्रयोग बुखार, अनिद्रा, खांसी और गले की खराश जैसी कई स्वास्थ्य समस्याओं से राहत दिला सकता है। यह लेख नमक के प्रभावी घरेलू नुस्खों को प्रस्तुत करता है जो सेहतमंद रहने में सहायक हैं। खाने के स्वाद को बढ़ाने के लिए नमक इस्तेमाल करें। इसके साथ ही ये नमक हमारे बॉडी के लिए भी जरुरी है। जिससे हमारे शरीर में इलेक्ट्रोलाइट बैलेंस होना चाहिए। पुराने समय में नमक का इस्तेमाल कई तरह दवाओं के तौर पर किया जाता था। नमक लेना हमारे हेल्थ के लिए अच्छा माना जाता है। हेल्थ एक्सपर्ट के मुताबिक नमक से जुड़े ऐसे ही कुछ नुस्खों को शेयर किया है। इसकी मदद से सेहत से जुड़ी कुछ समस्याओं से छुटकारा मिल सकता है।



**बुखार की गर्मी उतारने में मदद करता है:** जब बुखार होता है और सिर पर पट्टी करनी होती है। इसके लिए पानी में नमक मिलाकर सिर पर पट्टियां जरुर रखी जाती है। ऐसा करने से बुखार का टेंपरेचर डाउन हो जाता है और गर्मी निकल जाती है।

**रात को नींद न आए:** अगर रात को नींद नहीं आती है, तो नमक को किसी कपड़े में बांधकर पोटली बना लें और उसे गर्दन के पीछे सिर के नीचे वाले हिस्से पर बीचोबीच रखकर दबाने से स्ट्रेस कम होता है और माइंड शांत होता है, जिससे नींद भी जल्दी आ जाती है।

**खांसी आने पर नमक की सेंक:** अगर आप खांसी की समस्या से परेशान हैं, तो नमक को कपड़े में बांधकर पोटली बना लें। फिर इस पोटली को सीने और गले पर रखकर नमक की सेंक लें। ऐसा करने से खांसी में आराम मिलता है।

**पैरों में दर्द के लिए :** थकान के कारण आपके पैरों में दर्द होता है, तो गुनगुने पानी में नमक डालकर उसे पैरों को भिगोने से दर्द आराम मिलता है।

**बंद नाक में आराम:** बदलते मौसम में आप जुकाम से परेशान हैं और सांस लेने में आपको समस्या आ रही है। अगर म्यूकस भरा हुआ है और बाहर नहीं निकाल पर रहे हैं तो नाक में दो बूंद साल्ट वाटर डालकर देखें। यदि आपको नाक में कंजेशन महसूस हो रही है, तो साफ पानी में कुछ चुटकी नमक डालकर साल्ट वाटर तैयार करें और इसे नाक में बूंद डाल दें।

**गले में खराश:** अगर आपको गले में खराश हो रही है, तो आप गुनगुने पानी में नमक डालकर गरारे करने से राहत मिलती है। यह उपाय गले में हो रही समस्या के लिए बड़े काम का होता है।

# विकासखंड स्तरीय खेलकूद एवं सांस्कृतिक प्रतियोगिता सम्पन्न

वेलकम इंडिया : नितिन शर्मा



**बिजनौर :** बेसिक शिक्षा विभाग की विकास खण्ड मोहम्मद पुर देवमल की दो दिवसीय खेलकूद एवं सांस्कृतिक प्रतियोगिता खण्ड शिक्षा अधिकारी डा प्रभात कुमार, जिला व्यायाम शिक्षक अरविन्द अहलावत, जिला व्यायाम शिक्षिका कविता चौधरी, ब्लाक व्यायाम शिक्षक अमित बालियान की देख रेख शेखुपुरा मिनी स्टेडियम में सम्पन्न हुई। समापन के अवसर मुख्य अतिथि बेसिक शिक्षा अधिकारी सचिन कसाना एवं विशिष्ट अतिथि व्यायाम प्रशिक्षक युवा कल्याण विभाग भूपेन्द्र सिंह द्वारा विजेता खिलाड़ियों को प्रमाण पत्र व मेडल देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर संबोधित करते हुए बेसिक शिक्षा अधिकारी सचिन कसाना ने खेलों को शिक्षा का अभिन्न अंग बताया और अपील की कि छात्रों को नियमित रूप से खेलना चाहिए।

प्रतियोगिता में दौड़, कूद, गोला, चक्का फेंक, खो खो, बालीबाल, कब्बड्डी, शतरंज, योग एवं एकांकी व लोक गीत गायन में परिषदीय विद्यालयों में अध्यनरत बच्चों द्वारा अपनी प्रतीभा दिखाई गयी । बालक वर्ग में निरूल तोमर प्रतियोगिता का चैम्पियन खिलाड़ी का खिताब जीता। इस अवसर पर दुष्यंत कुमार एस आर जी, धर्म सिंह सीआरसी, विशेष रूप से उपस्थित रहे। प्रतियोगिता को सफल बनाने में जयदीप मलिक, दिग्विजय सिंह, आसमां सचदेवा, वन्दना चौहान, तरनजीत कौर, पूनम रानी, संदीप चौधरी, दीपक कुमार, जितेन्द्र बूटार, प्रशान्त राणा, रीतेश कुमार, नीतू रानी, सुमित बंसल, राहुल कुमार, सुरेन्द्र कुमार, कुनिका खत्री, बबिता मित्तल, सोमेन्द्र सिंह, कामेश्वरी देवी, आशीष कुमार, अश्विनी कुमार व गौरव कुमार का योगदान रहा।

# जैन जागृति मंच की नवीन कार्यकारिणी का हुआ गठन

वेलकम इंडिया



**बाड़मेर राजस्थान ।** जैन समाज, बाड़मेर में शिक्षा, संस्कार और संगठन को लेकर पिछले 27 वर्षां से कार्य कर रही संस्था जैन जागृति मंच, बाड़मेर की नवीन कार्यकारिणी के चुनाव रविवार को मंच संस्थापक संरक्षक डॉ. बंशीधर तातेड़ के सानिध्य में कल्याणपुरा स्थित कार्यालय में मंच के सदस्यों की उपस्थिति में सम्पन्न हुए। जिसमें सर्वसम्मति से मुकेश बोहरा अमन को अध्यक्ष, कैलाश बोहरा को सचिव एवं बंशीधर वडेरा को कोषाध्यक्ष चुना गया। निवर्तमान सचिव डॉ. मुकेश जैन ने बताया कि जैन जागृति मंच, बाड़मेर की चुनाव मीटिंग का आगाज नवकार महामंत्र से हुआ। तत्पश्चात निवर्तमान अध्यक्ष मांगीलाल संखलेचा ने नवीन कार्यकारिणी के गठन का प्रस्ताव रखा जिस पर सभी सदस्यों ने विचार-विमर्श करते हुए सर्वसम्मति से मुकेश बोहरा अमन को अध्यक्ष वहीं गौतमचन्द डूंगरवाल व मांगीलाल गोठी को वरिष्ठ उपाध्यक्ष, डॉ. मुकेश जैन को उपाध्यक्ष, कैलाश बोहरा को सचिव, बंशीधर वडेरा को कोषाध्यक्ष एवं जितेन्द्र बांठिया को प्रवक्ता का दायित्व सौपा गया। साथ ही इसी कड़ी में परामर्शदाता मण्डल में किशनलाल वडेरा, वीरचन्द वडेरा, मांगीलाल संखलेचा, प्रो. एस. के. जैन एवं भूरचन्द बोहरा मारसा को शामिल किया गया। नवनियुक्त अध्यक्ष मुकेश बोहरा अमन ने सभी वरिष्ठ सदस्यों का आभार व धन्यवाद करते हुए कहा कि हम सब मिलकर जैन समाज की भावी पीढ़ी के लिए शिक्षा, संस्कार और संगठन के क्षेत्र में ठोस व महत्वपूर्ण कार्य करेंगें जो वर्तमान समय की आवश्यकता है।

# जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा लोगों को विधि अधिकार एवं जनकल्याणकारी योजनाओं हेतु निकाली जागरूकता रैली




वेलकम इंडिया

**बुलंदशहर।** कानूनी सहायता हेतु लोगों को जागरूक करने के लिए जिला विधिक सेवा प्राधिकरण उठा रहा ठोस कदम जिसके चलते लोगों को नई-नई योजनाओं के बारे में कर रहा अवगत जिससे लोगों आगे बढ़ चढ़कर योजना का लाभ उठाएं राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण, उ०प्र० राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के तत्वावधान में तथा संजय सिंह-1, जिला न्यायाधीश / अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, बुलन्दशहर के दिशा-निर्देशन में रविवार को समय 10:00 बजे जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा विधिक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन तथा रैली निकाली गयी। बता दें कि इस अवसर पर चीफ, राजीव कुमार, लीगल एड डिफेंस काउन्सिल, डिप्टी चीफ, आशु मिश्रा, लीगल एड डिफेंस काउन्सिल, असिस्टेंट, सुधीर शर्मा व साक्षी शर्मा, लीगल एड डिफेंस काउन्सिल, बुलन्दशहर, लोकेश कुमार, नामित अधिवक्ता, राजेश कुमार गुप्ता, नामित अधिवक्ता, समस्त पीएलवी, समस्त कर्मचारी, द्वारा उक्त विधिक जागरूकता कार्यक्रम तथा रैली में प्रतिभाग किया गया। जिसमें चीफ, राजीव कुमार, लीगल एड डिफेंस काउन्सिल, डिप्टी चीफ, आशु मिश्रा, लीगल एड डिफेंस काउन्सिल, असिस्टेंट, सुधीर शर्मा साक्षी शर्मा, लीगल एड डिफेंस काउन्सिल, बुलन्दशहर, लोकेश कुमार, नामित अधिवक्ता,राजेश कुमार गुप्ता, नामित अधिवक्ता, समस्त पीएलवी, समस्त कर्मचारी, द्वारा जनसामान्य को जागरूक किया गया तथा उक्त दिवस के संबंध में बताया गया कि सन 1987 में संसद द्वारा विधिक सेवा प्राधिकरण अधिनियम अधिनियमित किया गया था तथा यह 09 नवम्बर 1995 को लागू हुआ। उच्चतम न्यायालय द्वारा इस दिन सन 1995 में कानूनी सेवा दिवस की स्थापना की गयी, तब से यह प्रत्येक वर्ष विधिक सेवा दिवस के रूप में मनाया जाता है। जिसमें गरीब अक्षम आदि को उनके विधिक अधिकारों की जानकारी प्रदान की जाये तथा कोई भी व्यक्ति न्याय से वंचित न रह जाये, निःशुल्क कानूनी सहायता, स्थायी लोक अदालत, मध्यस्थता केन्द्र के कार्यकलाप, पीड़ित क्षतिपूर्ति योजना, अभिरक्षा में लिये गये व्यक्तियों के अधिकार व रिमाण्ड स्टेज पर निःशुल्क अधिवक्ता सुविधा, मध्यस्थता केन्द्र की प्री-लिटिगेशन विवादों का निस्तारण आपसी सुलह-समझौते के आधार पर करायें। प्री-लिटिगेशन वादों में पारित आदेश सिविल न्यायालय की डिक्री का प्रभाव रहता है बताते हुए कहा कि यदि आपको किसी भी प्रकार की कानूनी समस्याओं के संबंध में विधिक जानकारी की आवश्यकता है।

# टीचर्स सेल्फ केयर टीम की जिला एवं ब्लॉक कार्यकारिणी की बैठक सम्पन्न

वेलकम इंडिया



**टाण्डा।** रविवार को हिन्दू मॉडल इंटर कॉलेज के सभागार में टीचर्स सेल्फ केयर टीम की जिला एवं ब्लॉक कार्यकारिणी की बैठक का सफल आयोजन भगतपुर टांडा ब्लॉक टीम की मेजबानी में किया गया। बैठक में दिवंगत सदस्यों के आर्थिक सहयोग, बीमार सदस्यों के उपचार हेतु जीवनदान योजना, तथा कन्याओं के विवाह में सहयोग के लिए कन्यादान योजना पर विस्तारपूर्वक चर्चा की गई और आगामी कार्ययोजना तय की गई।इस अवसर पर कई नए पदाधिकारियों का मनोनयन भी किया गया। सभी नवनियुक्त पदाधिकारियों को मनोनयन पत्र प्रदान किए गए। बैठक की अध्यक्षता जिला संयोजक सुधीश पाराशरी ने की तथा मंडल सह संयोजक तृप्ति शर्मा मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहीं। जिला प्रवक्ता मयंक शर्मा ने ओजस्वी गीत व संजय गुप्ता ने मधुर गीत प्रस्तुत किया। कार्यक्रम का संचालन सौरभ प्रसून एवं मोहम्मद आरिफ ने संयुक्त रूप से किया। अंत में भगतपुर टांडा ब्लॉक संयोजक धर्मपाल ने सभी अतिथियों व पदाधिकारियों के प्रति आभार व्यक्त किया और टीम भावना व सहयोग को संगठन की सबसे बड़ी शक्ति बताया।

# पुलिस द्वारा स्टाल लगाकर साइबर अपराध, नशा मुक्त, महिला संबंधी अपराधों आदि के संबंध में आमजन को किया जागरूक



वेलकम इंडिया

**बागेश्वर,**गोविन्द मेहता, जनजागरूकता अभियान के तहत राज्य स्थापना दिवस के 25वीं रजत जयंती के अवसर पर कोतवाली बागेश्वर, महिला हेल्पलाइन बागेश्वर, एंटी ह्यूमन ट्रैफिकिंग यूनिट, साइबर सेल बागेश्वर द्वारा नुमाइशखेत मैदान में आयोजित कार्यक्रम में जागरूकता स्टॉल लगाया गया। इस दौरान आम जनमानस व स्टॉल में आने जाने वाले आने लोगों को बढ़ते हुए साइबर क्राइम की जानकारी दी गई और पंपलेट बुकलेट वितरित करने के साथ ही नशे के दुष्परिणामों, महिला अपराधों व वर्तमान में प्रचलित कानूनी प्रावधानो से अवगत कराया गया।कोतवाल अनिल उपाध्याय ने सभी लोगों को कानूनी जानकारी देकर जागरूक किया।।साथ ही एएचटीयू प्रभारी। मीना रावत ने महिलाओं को उनके अधिकारों की जानकारी दी।

# रजत जयंती पर विकास और संस्कृति का हुआ संगम,बागेश्वर में भव्य उत्सव

वेलकम इंडिया



**बागेश्वर,** गोविन्द मेहता, देवभूमि रजत उत्सव 2025 के अवसर पर नुमाइशखेत मैदान में भव्य कार्यक्रम आयोजित किया गया। अतिथियों द्वारा रिबन काटकर स्टॉलों का उद्घाटन किया गया तथा विभिन्न विभागों द्वारा लगाए गए स्टॉलों का निरीक्षण किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत उत्तराखंड राज्यगीत के सामूहिक गायन से हुई। जिसके बाद स्कूली बच्चों ने मनमोहक सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दीं। जिलाधिकारी आकांक्षा कोंडे एवं दर्जा राज्यमंत्री भूपेश उपाध्यक्ष ने कार्यक्रम स्थल पर लगाए गए विभागीय स्टॉलों का अवलोकन किया और अधिकारियों को योजनाओं का अधिकतम लाभ जन-जन तक पहुंचाने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने उद्यमियों से उनके उत्पादों एवं विपणन के बारे में जानकारी प्राप्त की।कार्यक्रम में बायरइसेलर मीट का आयोजन भी किया गया, जिसमें स्थानीय उत्पादों के प्रचार-प्रसार और विक्रय को प्रोत्साहित किया गया। कृषि, उद्यान, मत्स्य, रेशम, सहकारिता, दुग्ध, उद्योग, समाज कल्याण, शिक्षा, आपदा प्रबंधन, पुलिस, स्वास्थ्य, आयुर्वेदिक एवं होम्योपैथी विभाग सहित कई विभागों ने अपनी योजनाओं की जानकारी आमजन को दी। इस दौरान ग्राम्य विकास विभाग के अंतर्गत संचालित सामुदायिक उद्यम दिव्य श्री गागरीगोल और सामुदायिक उद्यम चेतना भटखोला को 12-12 लाख रुपये की धनराशि प्रदान की गई। दीनदयाल सहकारिता किसान कल्याण योजना के तहत दो लाख और पीएम विश्वकर्मा योजना के अंतर्गत तीन लाख रुपये के ऋण वितरित किए गए तथा लाभार्थियों को महालक्ष्मी किट सामग्री प्रदान की गई। विभिन्न विभागों द्वारा उत्कृष्ट कार्य करने वाले नागरिकों को भी सम्मानित किया गया।इस अवसर पर बाइक से भारत भ्रमण करने वाली पूजा तलाल तथा स्वतंत्रता संग्राम सेनानी आश्रित पार्वती देवी को विशेष रूप से सम्मानित किया गया।

# सुनहरे भविष्य के लिए बच्चों ने दी एनएमएमएस परीक्षा

वेलकम इंडिया




**बुलंदशहर**/जनपद भर में रविवार को राष्ट्रीय आय एवं योग्यता आधारित छात्रवृत्ति परीक्षा का आयोजन किया गया। इस परीक्षा का आयोजन प्रत्येक वर्ष कक्षा आठ में अध्ययनरत बच्चों हेतु किया जाता है, जिसमें उत्तीर्ण होने वाले विद्यार्थियों को भविष्य में पढ़ाई हेतु सरकारी अनुदान दिया जाता है। इस वर्ष जनपद बुलंदशहर में 4141 फॉर्म भरे गए थे जिनमें से 2935 बच्चे परीक्षा में सम्मिलित हुए तथा 1206 बच्चे अनुपस्थित रहे।

बच्चों से वार्ता करने पर पता चला कि प्रश्न पत्र आसान था। सुबह से ही बच्चे अपने संबंधित विद्यालय के अध्यापक तथा अभिभावकों के साथ परीक्षा केंद्रों पर जमा होने लगे थे। परीक्षा के सफल आयोजन हेतु जिला प्रशासन व शिक्षा विभाग के द्वारा बेहतरीन व्यवस्था की गई थी। पीएम श्री उच्च प्राथमिक विद्यालय रिवाड़ा के प्रधानाध्यापक मनमोहन रोहिला ने बताया कि बच्चों को इस तरह के प्रतियोगी परीक्षाओं में अवश्य भाग लेना चाहिए, जिससे उनके सार्वभौमिक विकास के रास्ते खुलते हैं तथा बच्चे भविष्य में होने वाले प्रतियोगी परीक्षाओं से घबराते नहीं एवं जीवन में सफलता प्राप्त करते हैं। अभिभावकों ने भी सरकार के द्वारा चलाए गए इस उपक्रम की सराहना की।

# बागपत में धूमधाम के साथ मनाया गया मॉ पद्मावती का 7वॉ विशाल जागरण



वेलकम इंडिया

**बागपत, उत्तर प्रदेश।** विवेक जैन। बागपत नगर के बड़ा बाजार में भगवान पार्श्वनाथ व मॉ पद्मावती का 7वां विशाल जागरण बड़े ही धूमधाम और हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। जागरण में स्यादवाद ग्रुप के चेयरमैन नागेन्द्र गोयल ने मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की। जागरण के आयोजक जैन जागरण मंच द्वारा आये अतिथियों का तिलक लगाकर और पटका पहनाकर स्वागत किया गया। जागरण में इंदौर के रूपेश जैन, एम्बेसी म्यूजिकल ग्रुप के संजय जैन, आर्यन जैन सहित अनकों भजन गायकों ने एक से बढ़कर एक भजन सुनाकर उपस्थित श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। जैन जागरण मंच बागपत के मयंक जैन, विनीत जैन, संजीव जैन उर्फ चिंटू व अनिल जैन ने जागरण के सफल आयोजन के लिये सभी सहयोगियों, जागरण में आये अतिथियों व श्रद्धालुओं का आभार व्यक्त किया।इस अवसर पर सुप्रसिद्ध समाजसेवी शिखर चन्द जैन, समाजसेवी राजा जैन, समाजसेवी भारती जैन, पारस जैन, वासु जैन, नीरज जैन, धीरज जैन, दीपा जैन खेकड़ा, सचिन जैन, विकास जैन, संजीव जैन, रूबी जैन, अमित जैन, अंकुर जैन, अंकित जैन, कुमरेश जैन, अंशुल जैन, सुनील जैन, पूनम जैन, सीमा जैन, संतोष जैन, दीपिका जैन, बबीता जैन, मुकेश जैन, कमल जैन, मोना जैन, संजय रूहेला, सतीश गुप्ता, विकास जैन कोयले वाले, राहुल जैन रिवर पार्क, विपुल जैन, वैभव जैन, संभव जैन सहित हजारों की संख्या में श्रद्धालुगण उपस्थित थे।

# आर०एस०एम० महाविद्यालय में रुटा की बैठक सम्पन्न

वेलकम इंडिया : नितिन शर्मा




**धामपुर।** आर०एस०एम० (पी०जी०) महाविद्यालय, धामपुर में रुहेलखण्ड विश्वविद्यालय शिक्षक संघ (रूटा) की एक महत्वपूर्ण बैठक सम्पन्न हुई। जिसका आयोजन आर एस एम कॉलेज धामपुर बिजनौर शिक्षक संघ इकाई द्वारा किया गया। बैठक का मुख्य उद्देश्य गुरु जम्भेश्वर विश्वविद्यालय, मुरादाबाद की कार्यकारिणी के गठन से संबंधित बिंदुओं पर चर्चा करना रहा। बैठक में रुहेलखण्ड विश्वविद्यालय बरेली एवं गुरु जंभेश्वर विश्वविद्यालय मुरादाबाद के विभिन्न कॉलेजों के शिक्षक संघ इकाई से आए 60 से अधिक शिक्षक साथियों ने भाग लेकर अपने विचार एवं सुझाव प्रस्तुत किए।

रुहेलखण्ड विश्वविद्यालय शिक्षक संघ (रुटा) के महामंत्री प्रो० स्वदेश सिंह ने चुनाव की तैयारियों पर विस्तार से चर्चा की। उन्होंने चुनाव अधिकारी की नियुक्ति, मतदान स्थल के चयन तथा चुनाव की तिथि इस प्रकार निर्धारित करने पर बल दिया जिससे अधिकाधिक शिक्षक मतदान में सम्मिलित हो सकें। साथ ही उन्होंने बताया कि विश्वविद्यालय की ओर से शिक्षकों को विदेश में सेमिनार में प्रतिभाग करने हेतु 25,000 रुपये की आर्थिक सहायता विश्वविद्यालय द्वारा दिलाई जाएगी। प्रो० राजकुमार सोनकर (के. जी. के. कॉलेज, मुरादाबाद) ने कहा कि शिक्षक संघ शिक्षकों की समस्याओं के समाधान में अग्रणी भूमिका निभाए तथा शिक्षकों के सुख-दुःख में सदैव सहभागी बने।

प्रो० ए० पी० सिंह (हिन्दू कॉलेज, मुरादाबाद) ने चुनाव का स्थान हिन्दू कॉलेज, मुरादाबाद प्रस्तावित किया तथा विश्वविद्यालय कार्यक्षेत्र के अंतर्गत आने वाले सभी जिलों में चुनाव स्थलों को क्रमबद्ध करने का सुझाव दिया। उन्होंने कहा कि शिक्षकों से संबंधित आर्थिक मामलों में संघ को त्वरित कार्रवाई करनी चाहिए।

प्रो० विनोद पाण्डेय (के० जी० के० कॉलेज, मुरादाबाद) ने कहा कि प्राचार्यों द्वारा उत्पन्न समस्याओं से निपटने के लिए एक मजबूत एवं एकजुट शिक्षक संघ का गठन आवश्यक है।

प्रो० शोराज सिंह (जोनल सेक्रेटरी, उत्तर प्रदेश फुफुक्टा) ने कहा कि महाविद्यालयों की सभी शिक्षक संघ इकाइयों को संगठित होकर कार्य करना चाहिए। उन्होंने आर०एस०एम० कॉलेज की शिक्षक संघ इकाई द्वारा शिक्षकों की समस्याओं को हल करने में पूर्ण समर्थन का आश्वासन दिया।

रुहेलखण्ड विश्वविद्यालय शिक्षक संघ (रु टा) के अध्यक्ष प्रो० मुकेश कुमार (वर्धमान कॉलेज, बिजनौर) ने कहा कि प्रत्येक शिक्षक संघ इकाई का अपना महत्व होता है। और संघ की सफलता सभी सदस्यों की सामूहिक जिम्मेदारी है। उन्होंने सुझाव दिया कि कोई भी इकाई अध्यक्ष एवं महामंत्री की स्वीकृति से अपने महाविद्यालय को चुनाव स्थल के रूप में प्रस्तावित कर सकती है।

इस अवसर पर प्रो० रश्मि शर्मा रावल प्राचार्या आर०एस०एम० महाविद्यालय धामपुर ने अपने संबोधन में कहा कि ह्लमैं पहले एक शिक्षक हूँ, फिर प्राचार्या, प्राचार्य केवल एक पद है, पर शिक्षक का धर्म सबसे बड़ा है।ह्व उन्होंने सभी आगंतुक शिक्षकों को शुभकामनाएँ दीं।

कार्यक्रम का सकुशल संचालन आर एस एम शिक्षक संघ इकाई के अध्यक्ष प्रो० अमित कुमार सिंह द्वारा किया गया। इस बैठक के सफल आयोजन से शिक्षकों में नई ऊर्जा और एकजुटता का संदेश गया तथा आगामी विश्वविद्यालय चुनाव के लिए सकारात्मक माहौल बना।

कार्यक्रम में प्रो पूनम घई, प्रो एस एल पाल, प्रो रमाकांत, प्रो ओ पी मौर्य, डॉ जितेंद्र चौधरी, प्रो राम कुमार सिंह, डॉ रवि धनकड़, डॉ भारती चौहान, डॉ हिमांशु त्रिपाठी, डॉ विवेक यादव, डॉ आदित्य कुमार डॉ कौशिक प्रसाद, डॉ देवेश पाठक, डॉ आकाश आदि शिक्षकों का सराहनीय योगदान रहा।

# रजत जयंती पर विकास और संस्कृति का हुआ संगम

**वेलकम इंडिया**



**बागेश्वर, गोविन्द मेहता।** देवभूमि रजत उत्सव 2025 के अवसर पर नुमाइशखेत मैदान में भव्य कार्यक्रम आयोजित किया गया। अतिथियों द्वारा रिबन काटकर स्टॉलों का उद्घाटन किया गया तथा विभिन्न विभागों द्वारा लगाए गए स्टॉलों का निरीक्षण किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत उत्तराखंड राज्यगीत के सामूहिक गायन से हुई। जिसके बाद स्कूली बच्चों ने मनमोहक सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दीं।

जिलाधिकारी आकांक्षा कोंडे एवं दर्जा राज्यमंत्री भूपेश उपाध्यक्ष ने कार्यक्रम स्थल पर लगाए गए विभागीय स्टॉलों का अवलोकन किया और अधिकारियों को योजनाओं का अधिकतम लाभ जन-जन तक पहुंचाने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने उद्यमियों से उनके उत्पादों एवं विपणन के बारे में जानकारी प्राप्त की।कार्यक्रम में बायरझसेलर मीट का आयोजन भी किया गया, जिसमें स्थानीय उत्पादों के प्रचार-प्रसार और विक्रय को प्रोत्साहित किया गया। कृषि, उद्यान, मत्स्य, रेशम, सहकारिता, दुग्ध, उद्योग, समाज कल्याण, शिक्षा, आपदा प्रबंधन, पुलिस, स्वास्थ्य, आयुर्वेदिक एवं होम्योपैथी विभाग सहित कई विभागों ने अपनी योजनाओं की जानकारी आमजन को दी।

इस दौरान ग्राम्य विकास विभाग के अंतर्गत संचालित सामुदायिक उद्यम दिव्य श्री गागरीगोल और सामुदायिक उद्यम चेतना भटखोला को 12-12 लाख रुपये की धनराशि प्रदान की गई। दीनदयाल सहकारिता किसान कल्याण योजना के तहत दो लाख और पीएम विश्वकर्मा योजना के अंतर्गत तीन लाख रुपये के ऋण वितरित किए गए तथा लाभार्थियों को महालक्ष्मी किट सामग्री प्रदान की गई। विभिन्न विभागों द्वारा उत्कृष्ट कार्य करने वाले नागरिकों को भी सम्मानित किया गया।

इस अवसर पर बाइक से भारत भ्रमण करने वाली पूजा तलाल तथा स्वतंत्रता संग्राम सेनानी आश्रित पार्वती देवी को विशेष रूप से सम्मानित किया गया।साथ ही भारत मानक ब्यूरो के तत्वावधान में मानक क्लब के छात्र-छात्राओं द्वारा प्रभात फेरी निकाली गई, जिसमें एनसीसी, एनएसएस सहित अनेक विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की।दर्जा राज्य मंत्री भूपेश उपाध्याय ने कहा कि ह्लराज्य सरकार सतत विकास के लिए प्रतिबद्ध है। राज्य आंदोलनकारियों का योगदान ही इस उपलब्धि की नींव है। जिलाधिकारी आकांक्षा कोंडे ने कहा कि उत्तराखंड राज्य गठन के बाद निरंतर तीव्र गति से प्रगति के मार्ग पर अग्रसर है।

## सड़क दुर्घटना मे व्यक्ति गंभीर रूप से घायल

**कठेला,समयमाता/सिद्धार्थनग** । थाना कठेला समयमाता क्षेत्र के ग्राम धोबहा टोला बाजार डीह में एक सड़क दुर्घटना हुई। इस हादसे में अताउल्लाह नामक व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना रात करीब 8 बजे की है।

दुर्घटना के तुरंत बाद आसपास के ग्रामीण मौके पर पहुंचे। उन्होंने घायल को प्राथमिक सहायता देने का प्रयास किया। स्थिति की गंभीरता को देखते हुए ग्रामीणों ने तत्काल 112 नंबर पर कॉल कर पुलिस और आपातकालीन सेवाओं को सूचित किया। घायल अताउल्लाह ग्राम कठेला जनूबी टोला बनकटवा के निवासी बताए जा रहे हैं। सूचना मिलने पर कठेला थाना पुलिस और डायल 112 की टीम घटनास्थल पर पहुंची। टीम ने घायल को प्राथमिक उपचार दिलाकर अस्पताल में भर्ती कराया।

### दद्दा जी प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव का शुभारंभ

# भक्तिभाव से सराबोर हुआ माहौल उमड़ा श्रद्धालुओं का सैलाब

**वेलकम इंडिया/सनी कुमार केसरवानी**



**कटनी।** कटनी में आज से आरंभ हुए दद्दा जी प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव का शुभारंभ पूज्य बड़े भैया डॉ. अनिल शास्त्री जी के पावन सानिध्य में अत्यंत भव्यता और श्रद्धा के साथ हुआ।

सुबह से ही पूरे शहर में धार्मिक उत्साह और भक्ति का अद्भुत वातावरण देखने को मिला। जैसे ही प्रातःकालीन आरती की गूंज मंदिर परिसर में फैली, श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ पड़ी और ह्लहर हर महादेवह्व के जयघोष से पूरा क्षेत्र गुंजायमान हो उठा।

महोत्सव के पहले दिन प्रातः 8:00 बजे से कार्यक्रमों की शुरूआत पार्थिव शिवलिंग निर्माण से हुई। भक्तों ने गंगाजल, दूर्वा, पुष्प और बेलपत्र अर्पित कर शिवलिंग निर्माण की पवित्र प्रक्रिया में भाग लिया। इसके पश्चात दोपहर 12:00 बजे पवित्र रुद्राभिषेक और महाअभिषेक संपन्न हुआ, जिसमें भक्तों ने बड़ी संख्या में सहभागिता निभाई। पूरे आयोजन स्थल पर मंत्रोच्चार, भजनों और जयघोषों की गूंज से वातावरण पूर्णतः भक्तिमय बन गया। प्रसिद्ध भजन गायिका संजो बघेल ने अपनी मधुर प्रस्तुतियों से सभी को भक्ति रस में सराबोर कर दिया। श्रद्धालु झूमते, नृत्य करते और हर-हर महादेव के जयकारों से वातावरण को पावन बना रहे थे।

कार्यक्रम में पौड़ी धाम के महाराज, वृंदावन से प्रेमानंद महाराज के शिष्य राधिका शरण, बड़वारा विधायक धीरेंद्र सिंह, तथा भाजपा नेता विनोद गोटिया सहित अनेक गणमान्य अतिथि उपस्थित रहे।

## सार संक्षेप

### दद्दा धाम प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव में अभिनेता आशुतोष राणा पहुंचे



**कटनी।** दद्दा धाम में जारी प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव के दौरान आज फिल्म जगत के प्रसिद्ध अभिनेता आशुतोष राणा पहुंचे। अभिनेता राणा ने सबसे पहले दादा जी की समाधि स्थल पर मत्था टेककर आशीर्वाद लिया और आध्यात्मिक वातावरण में कुछ समय ध्यानमग्न रहे। इस दौरान उन्होंने शिष्य मंडल और आयोजन समिति के सदस्यों से भी सौहार्दपूर्ण चर्चा की। उन्होंने महोत्सव की व्यवस्थाओं और श्रद्धालुओं की भागीदारी की सराहना करते हुए कहा कि यह आयोजन केवल धार्मिक नहीं, बल्कि समाज को जोड़ने वाला एक महान प्रयास है।

### जिला उद्यान कार्यालय में कल लगेगा सब्जी बीज मेला

**वेलकम इण्डिया असदुल्लाह सिद्दीकी**

**सिद्धार्थनगर।** एकीकृत बागबानी विकास मिशन योजना के तहत जनपद में 100 हेक्टेयर क्षेत्रफल में सब्जी एवं शाक-भाजी क्षेत्र विस्तार का लक्ष्य मिला है। इसके लिए कार्यालय जिला उद्यान अधिकारी परिसर में 11 नवंबर मंगलवार को सब्जी बीज मेले का आयोजन किया जाएगा। इसमें विभिन्न नामित कंपनियों के प्रतिनिधि उपलब्ध रहेंगे। यह जानकारी जिला उद्यान अधिकारी विमलकांत ने दी। उन्होंने बताया कि जनपद में 100 हेक्टेयर क्षेत्रफल में शाक-भाजी का विस्तार किया जाना है। जिन किसानों ने पंजीकरण कराया है वह मेले में सब्जी बीज प्राप्त कर सकते हैं।

### बेकाबू होकर डीसीएम गाड़ी पुलिया तोड़कर पानी मे गिरी

**वेलकम इण्डिया असदुल्लाह सिद्दीकी**

**बांसी/सिद्धार्थनगर।** के बांसी-इटवा मार्ग पर रविवार भोर में एक डीसीएम गाड़ी अनियंत्रित होकर पुलिया तोड़ते हुए पानी में जा गिरी। यह घटना बभनपुरवा के पास सुबह करीब 4 बजे हुई। हादसे में गाड़ी का ड्राइवर और खलासी सुरक्षित बच गए। समय रहते बचाव कार्य होने से कोई बड़ा नुकसान नहीं हुआ। घटना के बाद मौके पर लोगों की भीड़ जमा हो गई और वाहनों की लंबी कतार लग गई। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची, भीड़ को हटाया और यातायात जाम खुलवाया।बाद में क्रेन की मदद से डीसीएम गाड़ी को पानी से बाहर निकाला गया। स्थानीय लोगों के अनुसार, जिस जगह यह हादसा हुआ, वहां कुछ समय पहले सड़क टूटकर गड्ढा हो गया था। इसकी मरम्मत ठीक से नहीं की गई थी, जिसके कारण गाड़ी गड्ढे में जाने से अनियंत्रित होकर पानी में जा गिरी।

# शाहजहांपुर को हमने दिया नगर पंचायत का दर्जा : आजम खान

**वेलकम इंडिया**



**मेरठ (जाकिर तुर्क)।** समाजवादी पार्टी के वरिष्ठ नेता और पूर्व कैबिनेट मंत्री आजम खान शनिवार को किठौर क्षेत्र के बड़ा गाँव में एक शादी समारोह में शामिल होने पहुंचे। रास्ते में राजधानी नर्सरी, शाहजहांपुर में सपा कार्यकताओं ने उनका गर्मजोशी से स्वागत किया।इस दौरान आजम खान ने भावुक लहजे में कहा कि शाहजहांपुर कभी गाँव हुआ करता था, लेकिन यूनुस खान के अथक प्रयासों के बाद हमने तत्कालीन कैबिनेट में इसे नगर पंचायत का दर्जा दिलाया। यह हमारी मेहनत और जनता के सहयोग से संभव हुआ।उन्होंने कहा, अफसोस की बात है कि यहाँ के लोगों ने नगर पंचायत चुनाव में हमारी पार्टी के प्रत्याशी को नहीं चुना। जबकि शाहजहांपुर के लोग हमसे बहुत मोहब्बत करते हैं। काश, यही मोहब्बत हमारे उम्मीदवार के लिए भी दिखाई होती तो जीत का तोहफा समाजवादी पार्टी को मिलता।

आजम खान ने आगे कहा कि दुर्भाग्य की बात यह है कि यहाँ के चेयरमैन ने जीतने के बाद हमसे अब तक कोई राब्ता नहीं किया। हमने नगर पंचायत का दर्जा दिलाया, लेकिन हमारी ही कोशिशों को भूल गए।सपा नेताओं और कार्यकताओं ने उनके इस दौरे को ऐतिहासिक बताते हुए कहा कि आजम खान का शाहजहांपुर से गहरा लगाव रहा है, और उनका यह दौरा कार्यकताओं के लिए नई ऊर्जा लेकर आया है।

इस मौके पर, यूनुस खान, रफीक खान, कसीम खान, मुमताज आलम खान, युसूफ खान, रियासत मंद खान, जैब खान, आदि सेंकड़ो लोग उपस्थित रहे।

# 88 वर्षीय सीए नारायण खेमका ने एशिया मास्टर्स एथलेटिक्स चैंपियनशिप में जीता रजत एवं कांस्य पदक

**वेलकम इंडिया/संतोष कुमार सिंह**



**वाराणसी।** भारत के लिए गर्व और प्रेरणा का क्षण 88 वर्ष की आयु में भी अदम्य जज्बे अनुशासन और आत्मविश्वास का परिचय देते हुए सीए श्री नारायण खेमका ने 23वीं एशिया मास्टर एथलेटिक चैंपियनशिप जो की 5 नवम्बर से लेकर 9 नवम्बर तक चेन्नई में आयोजित किया गया था उसमें अवर्णनीय प्रदर्शन किया इस आयोजन में 24 देश के 6000 प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया था जिसमें इन्होंने 85 वर्ष की उम्र में 400 मीटर दौड़ में रजत पदक एवं 200 मीटर में कांस्य पदक जीतकर भारत और काशी का मान बढ़ाया ।

सीए नारायण खेमका जिन्होंने राष्ट्रीय स्तर पर भारत विकास परिषद से जुड़कर बहुत से उत्कृष्ट समाज सीधी कार्यों को अंजाम दिया है जिसमें शहर के मध्य नदेसर में विवेकानंद जी की मूर्ति व जेएचवी मॉल के सामने झांसी की रानी लक्ष्मीबाई की मूर्ति स्थापित करने में मुख्य संयोजक की भूमिका निभायी है उनकी यह ऐतिहासिक उपलब्धि यह साबित करती है की उम्र केवल एक संख्या है दृढ़ संकल्प हो और मन में जोश हो तब हर लक्ष्य प्राप्त किया जा सकता है श्री नारायण खेमका ने समाज को एक जबरदस्त संदेश दिया कि जीवन में ऊर्जा और प्रेरणा कभी कब नहीं होती बल्कि अनुभव के साथ और गहराई प्राप्त करती है।

प्रख्यात अंतरराष्ट्रीय धावक नीलू मिश्रा के सहयोग और मार्गदर्शन से यह कार्य संभव हो सका है खेल जगत, समाजसेवी संस्थाओं और वरिष्ठ नागरिकों ने खेमका जी के इस उत्कृष्ट उपलब्धि के लिए बधाई दिया है उनकी सफलता न केवल भारत के लिए गौरव का विषय है बल्कि हर आयु वर्ग के लोगों के लिए अथक परिश्रम समर्पण और देशभक्ति की प्रेरणा भी देता है।

सीए समाज, मारवाड़ी समाज भारत विकास परिषद के सदस्यों ने उनका जबरदस्त स्वागत किया।

# दीप महायज्ञ का किया गया आयोजन



**वेलकम इण्डिया असदुल्लाह सिद्दीकी**

**बिस्कोहर/सिद्धार्थनगर।** आध्यात्मिक चेतना के प्रसार व सांस्कृतिक पुनरुत्थान के लक्ष्य को लेकर अखिल विश्व गायत्री परिवार शांतिकुंज हरिद्वार से निकली ज्योति कलश यात्रा में शामिल परिजनों के तरफ से बिस्कोहर कस्बा स्थित एक निजी विद्यालय में शनिवार रात को दीप महायज्ञ का आयोजन किया गया।

इसमें नगर व आसपास के गायत्री परिजनों व ग्रामीणों ने भाग लिया। दीपों की रोशनी से पूरा पंडाल जगमगा उठा। सभी ने एक साथ आहुतियां देकर विश्व शांति व सद्भावना की प्रार्थना की। इस दौरान वरिष्ठ वक्ताओं ने पंडित श्रीराम शर्मा आचार्य के विचारों और माता भगवती देवी शर्मा के त्यागपूर्ण जीवन पर प्रकाश डाला।

युवाओं को व्यसन मुक्त होने व नैतिक मूल्यों को अपनाने का संकल्प दिलाया। श्रद्धालुओं ने बुराइयां त्यागने का संकल्प दिया। इस अवसर पर जयप्रकाश पाल , विजेंद्र प्रताप सिंह, अशोक कुमार त्रिपाठी , महादेव प्रसाद तिवारी , राम लखन शर्मा, विजय सोनी , कृष्ण भूषण तिवारी , संतोष कौशल, ओंकार शर्मा आदि रहे।

# दुष्कर्म पीड़िता परिवार को मिला भाजपा का साथ, जिला पंचायत अध्यक्ष ने हर संभव मदद का दिलाया भरोसा

**हरवीर सिंह/वेलकम इंडिया**



**मथुरा।** रविवार को भाजपा जिला पंचायत अध्यक्ष किशन चौधरी ने ग्राम पंचायत नैनूपट्टी के नगला जंगली में 12 वर्षीय दुष्कर्म पीड़िता के परिवार से मुलाकात की। उन्होंने दुष्कर्म पीड़िता के परिवार से बातचीत की और पीड़ित बेटी की जीवनभर पढ़ाई अपने निजी खर्च पर कराने की जिम्मेदारी ली तथा दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करवाने का आश्वासन दिया। इस दौरान उनके साथ ग्राम प्रधान, क्षेत्राधिकारी गोवर्धन, इलाका पुलिस मौजूद रहीं।

गौरतलब हो कि भाजपा सरकार में अपराधियों की जगह केवल सलाखों में है, मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की निगाह मथुरा में हो रही हर गतिविधियों पर रहती है। दलित परिवार की बेटी के साथ हुई इस घटना पर जिला पंचायत अध्यक्ष किशन चौधरी ने दुख प्रकट करते हुए हर संभव मदद का आश्वासन दिया है, उन्होंने कहा कि दोषियों की गिरफ्तारी के लिए पुलिस की टीमें लगी हुई है जल्द ही दोषी गिरफ्तार होंगे। योगी सरकार में अपराधियों के लिए उत्तर प्रदेश में कोई जगह नहीं है।

इस दौरान उन्होंने जिला प्रशासन के अधिकारी एवं पुलिस प्रशासन के अधिकारियों को निर्देश दिए कि पीड़ित परिवार को हर संभव मदद मुहैय्या कराई जाए।

जिला पंचायत अध्यक्ष के साथ विनोद प्रमुख, डा. देवेन्द्र प्रधान नैनूपट्टी, वेद प्रधान सींगापट्टी, प्रताप सिंह प्रधान झुडावई, क्षेत्राधिकारी अनिल कुमार, थानाध्यक्ष मगोर्रा हरीश चौधरी, इंटेलिजेंस के पीके देशवाल, एसओजी क्राइम राकेश यादव, योगेश सहित गांव के गणमान्य लोग मौजूद रहे।

## एसएसपी के आदेश पर रिपोर्ट दर्ज

**बुलंदशहर।** अहार पुलिस ने एसएसपी बुलंदशहर के आदेश पर एक पीड़ित महिला और एक पीड़ित व्यक्ति के प्रार्थना पत्र पर नरसैना क्षेत्र के चार पांच लोगों के विरुद्ध जमीन बेचने का झांसा देकर लाखों रुपए हड़पने का मामला दर्ज कराया है। स्याना निवासी पीड़ित महिला मधू रानी और जिला मेरठ के थाना किठौर के गांव शाहजहांपुर निवासी नवीन कुमार एस एस पी को दिए प्रार्थना पत्र में कहा कि नरसैना क्षेत्र के पांच छः लोगों ने अहार क्षेत्र के गांव औरंगाबाद ताहार पुर में एक खेत की जमीन दिखाकर रेट तय कर दिया। पीड़ितों से दो चेकों में रकम भरवा कर साइन करवा लिए गए। आरोपियों ने चेक जमा कर रकम अपने खाते में जमा करवा ली। उसके बाद स्याना तहसील में जमीन नाम भी करवा दी गई।शेष बची रकम पीड़ितों से नगद ले ली गई।जमीन खरीदने वालों ने खेत पर कब्जा कराने के लिए कहा तो टाल दिया गया।

# छत की कुंडी मे फंदे से लटका मिला महिला का शव

**वेलकम इण्डिया असदुल्लाह सिद्दीकी**



**मोहाना/सिद्धार्थनगर।** मोहाना थाना क्षेत्र में रविवार सुबह एक महिला का शव उसके कमरे में छत की कुंडी से लटका मिला। इस घटना से क्षेत्र में सनसनी फैल गई। परिजनों ने महिला के पति पर हत्या का आरोप लगाया है। यह घटना मोहाना थाना क्षेत्र के बगही टोला हरपौली गांव की है।

महिला का विवाह 10 वर्ष पूर्व चिनका नामक व्यक्ति से हुआ था और उसके दो छोटे बच्चे भी हैं, जो घटना के समय उसी कमरे में सो रहे थे।

रविवार सुबह करीब 6 बजे मृतका के पति ने पुलिस को सूचना दी कि उसकी पत्नी कमरे में छत की कुंडी से लटकी हुई है। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और फोरेंसिक टीम को भी बुलाया गया। मृतका का मायका मोहाना थाना क्षेत्र के लकड़ा गांव में है। मृतका के भाई मलखान ने थाने में दी तहरीर में कहा है कि उनकी बहन की मौत संदिग्ध परिस्थितियों में हुई है।

उन्होंने आरोप लगाया कि यह आत्महत्या नहीं, बल्कि हत्या की साजिश हो सकती है। मृतका की बहन मंथरा ने भी पति पर गंभीर आरोप लगाते हुए कहा कि पति ने उसकी बहन की हत्या कर शव को फंदे से लटका दिया है, ताकि यह आत्महत्या लगे।

मोहाना थाना अध्यक्ष जितेंद्र सिंह ने बताया कि घटना की तहरीर प्राप्त हो गई है और मामले की हर एंगल से जांच की जा रही है। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है।

# संस्कृति विभाग ने द्वारिकाधीश मंदिर में मोहिनी के कराए भजन

**वेलकम इंडिया**



**मथुरा।** संस्कृति विभाग उत्तर प्रदेश ने द्वारिकाधीश मंदिर में वृंदावन की कथा प्रवक्ता व भजन गायिका मोहिनी कृष्णदासी के भजन कराए।

कथा प्रवक्ता व भजन गायिका मोहिनी कृष्ण दासी ने मथुरा के द्वारकाधीश मंदिर में उत्तर प्रदेश संस्कृत विभाग की ओर से अक्टूबर के अंतिम सप्ताह में दो दिवसीय भजन संध्या करायी, जहाँ उनके द्वारा गाये गये राधा-कृष्ण भजनों की सभी ने अत्यधिक प्रशंसा की। उनके साथ शिवम एवं अन्य कलाकारों की संगति ने भजनों को और अधिक मनमोहक बना दिया।

राधा कुंड के समीप कौन्हाई में चित्रगुप्त पीठ की स्थापना के अवसर पर आयोजित संत सम्मेलन में भी मोहिनी कृष्णदासी के भजन कराए गए। इन भजनों पर तमाम संत व देश विदेश से पीठ की स्थापना में आए अतिथि झूम उठे। रेलवे ग्राउंड पर आयोजित ब्रजरज उत्सव 2025 के अंतर्गत 04 नवंबर को भजन संध्या में वृंदावन की प्रसिद्ध भजन गायिका एवं कथा प्रवक्ता मोहिनी कृष्ण दासी ने अपनी भक्ति-पूर्ण भजन प्रस्तुति से श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। उन्होंने जब गोपाल चले आओ, गोविंद चले आओ जैसे मधुर भजनों का गायन प्रारंभ किया तो सम्पूर्ण पंडाल भक्ति की रसधारा में डूब गया।

# विद्यालयों, कोचिंग संस्थानों में मानसिक स्वास्थ्य जागरूकता व हेल्पनम्बर प्रचारित करो : डीएम

**विजय द्विवेदी वेलकम इन्डिया**



**प्रतापगढ़।** छात्रों के मानसिक स्वास्थ्य एवं कोचिंग सेन्टर वन नियमों की निगरानी एवं कार्यान्वयन को लेकर जिलाधिकारी शिव सहाय अवस्थी ने कड़ा रुख अपनाया है। इस संबंध में गठित जिला स्तरीय समिति की बैठक शनिवार 08 नवम्बर को सायंकाल कैम्प कार्यालय सभागार में जिलाधिकारी की अध्यक्षता में आयोजित की गई।

बैठक में जिलाधिकारी ने निर्देश दिया कि विद्यालयों, कोचिंग संस्थानों एवं छात्रावासों में छात्रों की मानसिक स्थिति पर विशेष ध्यान दिया जाए और सुसाइड के मामलों की गहन जांच-पड़ताल की जाए। उन्होंने सी०ओ० सिटी को ऐसे सभी मामलों की निगरानी करने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने कहा कि एंटी रोमियो टीम, एस्कॉर्ट टीम तथा साइबर क्राइम सेल समय-समय पर विद्यालयों, कोचिंग संस्थानों, छात्रावासों का निरीक्षण करें, ताकि किसी भी प्रकार की अवांछित गतिविधि या मानसिक उत्पीड़न की स्थिति को समय रहते रोका जा सके।

मानसिक स्वास्थ्य विशेषज्ञों और चिकित्सकों को निर्देशित किया गया कि वे सरकार द्वारा जारी गाइडलाइन के अनुसार विद्यालयों, कोचिंग संस्थानों, छात्रावासों में वर्कशॉप आयोजित करें, जिससे छात्रों में मानसिक संतुलन बनाए रखने और तनाव प्रबंधन की जानकारी दी जा सके। इसके साथ ही ऐसे छात्रों का चिन्हांकन भी किया जाए जो मानसिक रूप से अस्वस्थ या तनावग्रस्त प्रतीत हों। जिला विद्यालय निरीक्षक ओमकार राणा को निर्देश दिया गया कि वे सभी विद्यालयों, कोचिंग सेंटरों एवं छात्रावासों को शासनादेश में दिए गए निर्देशों के अनुरूप सर्कुलर पत्र जारी करें। जिलाधिकारी ने यह भी कहा कि मानसिक स्वास्थ्य हेल्पलाइन नंबर 14416 और 18008914416 का व्यापक प्रचार-प्रसार किया जाए ताकि जरूरतमंद छात्र तत्काल सहायता प्राप्त कर सकें। उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिया कि ये हेल्पलाइन नंबर प्रत्येक विद्यालय, कोचिंग सेंटर और छात्रावास की दीवारों पर बड़े अक्षरों में लिखवाए जाएं, जिससे छात्रों को आवश्यकता पड़ने पर सहायता प्राप्त करने में कोई कठिनाई न हो।

# कांडा पृथक विकासखण्ड की मांग को लेकर कांडा में निकली विशाल जनाक्रोश रैली

वेलकम इंडिया



**कांडा।** कांडा को पृथक विकासखण्ड बनाए जाने की मांग को लेकर कांडा कमस्यार पृथक विकासखण्ड संघर्ष समिति के तत्वावधान में कांडा कालिका मंदिर से तहसील कांडा तक क्षेत्रवासियों द्वारा ढोल नगाड़ों के साथ विशाल जनाक्रोश रैली निकाली गई। समिति के अध्यक्ष एडवोकेट गोविंद सिंह भंडारी के नेतृत्व में कांडा कमस्यार दुगनाकुरी धरमघर क्षेत्र से लोगों का भारी हुजूम कांडा में उमड़ा। क्षेत्र के जिपं,क्षेपं सदस्य, ग्राम प्रधान राज्य आंदोलनकारी भूतपूर्व सैनिक सहित क्षेत्रीय जनप्रतिनिधियो, व्यापारियों और क्षेत्रीय जनता ने व्यापक रूप से विशाल जनाक्रोश रैली को अपना समर्थन दिया।समिति ने वर्ष 1956 का बना हुआ कांडा विकास खंड को पुनः वापस लौटाए जाने की मांग की। समिति अध्यक्ष एड गोविन्द भंडारी ने अपने सम्बोधन में कहा कि वर्षों से संघर्षरत क्षेत्र वासियों की सुध नहीं ली जा रही है राज्य सरकार रजत जयंती समारोह आयोजित कर रही है पर कांडा में सूनापन रहा दिखा है।लोग रजत जयंती के मौके पर अपना हक मांग रहे हैं। जनाक्रोश रैली सरकार को चेताने हेतु निकाली जा रही है।पृथक विकासखण्ड की मांग को लेकर पूर्व में भी विधायक सांसद, मुख्यमंत्री, प्रधानमंत्री और नीति आयोग को कांडा विकासखण्ड बनाने की मांग का ज्ञापन देकर गुहार लगा चुके हैं।पर पूर्व में बनाए गए कांडा विकासखण्ड को बागेश्वर सम्बद्ध कर क्षेत्रीय लोगों की उपेक्षा की गई है।दिल्ली में जंतर मंतर में धरने के बाद भी केवल झूठे आश्वासन देकर क्षेत्रीय जनता के साथ छलावा किया जा रहा है।

बागेश्वर पिथौरागढ़ जिले के सीमान्त क्षेत्रों में लोग विकास खण्ड बनने की राह देख रहे हैं। पर अब तक लम्बे आंदोलन के बाद केवल उपेक्षा ही मिल पाई है। अध्यक्ष ने कहा कि अब अलग विकासखण्ड के लिए आर पार की लड़ाई लड़ने की आवश्यकता है।इसके लिए क्षेत्र के दर्जनों ग्रामपंचायतों राजस्व गांवों के लोगों का सहयोग जरूरी है।समिति द्वारा जल्द अपनी मांग को लेकर जंतर मंतर पर पुनः धरना दिया जाएगा।जुलूस के बाद उपजिलाधिकारी के माध्यम से भेजे ज्ञापन के बाद राज्य व केंद्र सरकार द्वारा समय रहते सकारात्मक पहल नहीं हुई तो अब आने वाले समय में देहरादून व दिल्ली में होगा जन आंदोलन करने की चेतावनी दी । सचिव सुरेश रावत ने शासन प्रशासन पर उपेक्षा का आरोप मड़ते हुए कांडा कमस्यार में पृथक विकास खंड की स्थापना न होने पर आन्दोलन को तेज करने की चेतावनी दी हैं उन्होंने बताया कि कांडा कमस्यार की धरा स्वतंत्रता सेनानियों धरा व वीर सैनिक बाहुल्य क्षेत्र हमेशा से रहा हैं। लेकिन आज यहां के लोगों की जनसुनवाई नहीं हो पा रही हैं।

## पुलिसकर्मी बनकर दुकानदार से एलईडी लेकर फरार हुए बाइक सवार

**कांधला।** कस्बे के रेलवे मार्ग निवासी एक दुकानदार से बुलेट बाइक सवार दो युवक पुलिसकर्मी बनकर एक एलईडी लेकर फरार हो गए। पीड़ित ने थाने पहुंचकर तहरीर दी है पुलिस तलाश में जुटी हुई है। कस्बे के रेलवे मार्ग निवासी आदेश पुत्र मोहन ने बताया कि उसने रेलवे मार्ग स्थित दो दुधियान मार्केट में मोहन रेडियोस के नाम से दुकान कर रखी है। पीड़ित का आरोप की उसकी दुकान पर बुलेट बाइक सवार दो युवक पहुंचे और कहा कि खंद्रावली चौकी पर एक एलईडी लगवानी है। बाइक सवार दोनों युवकों ने अपने आप को पुलिसकर्मी बताते हुए एलईडी ले ली और भुगतान की बात चौकी पर देने के लिए कहा और एलईडी लेकर फरार हो गए। पीड़ित दुकानदार जब भुगतान के लिए खंद्रावली चौकी पहुंचा तो वहां पर तैनात पुलिस कर्मियों ने बताया कि उन्होंने कोई भी एलईडी नहीं खरीदी और ना ही चौकी पर किसी तरह की एलईडी की जरूरत है। पीड़ित दुकानदार ने थाने पहुंचकर दोनों आरोपी बुलेट बाइक सवारों के विरुद्ध तहरीर दी है पुलिस जांच में जुटी हुई है।

# राजकीय संप्रेक्षण गृह किशोर, मथुरा में मनाया गया राष्ट्रीय विधिक सेवा दिवस



वेलकम इंडिया

**मथुरा।** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, जनपद न्यायालय मथुरा के तत्वावधान में राजकीय संप्रेक्षण गृह किशोर, मथुरा में राष्ट्रीय विधिक सेवा दिवस धूमधाम से मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ सरस्वती वंदना के साथ हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सुरेन्द्र प्रसाद, अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश/सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, मथुरा ने बालकिशोर अपचारियों को संबोधित करते हुए कहा कि 9 नवम्बर को प्रत्येक वर्ष राष्ट्रीय विधिक सेवा दिवस मनाया जाता है, जिसका उद्देश्य सभी नागरिकों के लिए निष्पक्ष, न्यायसंगत एवं सुलभ न्याय प्रक्रिया सुनिश्चित करना तथा विधिक जागरूकता बढ़ाना है।

उन्होंने बताया कि विधिक सेवा प्राधिकरण अधिनियम, 1987 को 11 अक्टूबर 1987 को अधिनियमित किया गया था तथा यह अधिनियम 9 नवम्बर 1995 से प्रभावी हुआ। इसी अधिनियम के तहत राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण (ऐनएएलएसए) का गठन 5 दिसम्बर 1995 को किया गया था, ताकि समाज के कमजोर वर्गों को निःशुल्क विधिक सहायता प्रदान की जा सके एवं लोक अदालतों के माध्यम से विवादों का सौहार्दपूर्ण समाधान किया जा सके।

कार्यक्रम का संचालन दीपक गोस्वामी, पी.एल.वी. द्वारा किया गया।इस अवसर पर प्रभाकर सिंह, अधीक्षक, राजकीय संप्रेक्षण गृह किशोर मथुरा राजेश वर्मा, अधीक्षक, राजकीय शिशु सदन, केओमकार सहित अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।

## सार संक्षेप

### दबिश के दौरान 01 वारण्टी अभियुक्त गिरफ्तार

**संतकबीरनगर।** पुलिस अधीक्षक संदीप कुमार मीना के निर्देशन में जनपद में वांछितों व न्यायालय में हाजिर न होने वाले अभियुक्तों के खिलाफ जारी गैर जमानतीय वारण्ट के तहत फरार चल रहे अभियुक्तों की गिरफ्तारी के क्रम में थाना कोतवाली खलीलाबाद उ0नि0 मनीष कुमार जायसवाल, म0का0 अंकित सिंह ने 01 वारण्टी किसमतुनिया पत्नी नासिर अहमद निवासी आजाद नगर मगहर थाना कोतवाली खलीलाबाद को गिरफ्तार कर न्यायालय रवाना किया गया ।

### 610 वाहनों से सम्मन शुल्क वसूल किया

**संतकबीरनगर।** रविवार को जनपद के सभी थाना क्षेत्रों में बैंक / वाहन / संदिग्ध व्यक्तियों की चेकिंग के दौरान समस्त प्रभारी निरीक्षक / थानाध्यक्ष / प्रभारी यातायात द्वारा मोटर वाहन अधिनियम के अन्तर्गत कड़ी कार्यवाही करते हुए 610 वाहनों से 4,45,500 रु0 सम्मन शुल्क वसूल किया गया।

### चोरी की बाइक बरामद मामले में फरार अभियुक्त गिरफ्तार



वेलकम इंडिय/ राजेंद्र सिंह

**हापुड़।** जनपद में अपराध की रोकथाम एवं चोरों व वांछित अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु चलाए जा रहे अभियान के तहत थाना हाफिजपुर पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। पुलिस ने चोरी की मोटरसाइकिल बरामदगी के मामले में फरार चल रहे एक वांछित अभियुक्त को गिरफ्तार किया है।थाना हाफिजपुर पुलिस की इस कार्रवाई से अपराधियों में हड़कंप मच गया है। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि यह गिरफ्तारी जनपद में अपराध नियंत्रण व कानून व्यवस्था बनाए रखने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

### गुफरान करीम बने पत्रकार सुरक्षा सेवा समिति के हापुड़ जिला अध्यक्ष

वेलकम इंडिया राजेंद्र सिंह



**हापुड़।** पत्रकार सुरक्षा सेवा समिति (रजि.) आल इंडिया के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष राजकुमार सिंह ने राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री विनोद कुमार वर्मा की संस्तुति पर जनपद हापुड़ के तेजतर्रार और निर्भीक पत्रकार श्री गुफरान करीम पुत्र श्री रहीमुद्दीन, ब्यूरो चीफ कॉस्मिक न्यूज को समिति का जिला अध्यक्ष (हापुड़) नियुक्त किया है।राष्ट्रीय उपाध्यक्ष राजकुमार सिंह ने उम्मीद जताई कि गुफरान करीम संगठन के उद्देश्य और मयार्दाओं को ध्यान में रखते हुए जिले के पत्रकारों में एकता, भाईचारा और पारस्परिक सहयोग की भावना को मजबूत करेंगे। उन्होंने कहा कि समिति को जिले में सशक्त और संगठित बनाने के लिए गुफरान करीम अपनी जिम्मेदारी को पूरी निष्ठा और समर्पण के साथ निभाएंगे।समिति पदाधिकारियों एवं पत्रकार साथियों ने गुफरान करीम को नई जिम्मेदारी के लिए शुभकामनाएं दीं।

### भाजपा नेता पर हुए जानलेवा हमले में चार दिन बाद भी पुलिस के हाथ खाली

**शिकारपुर।** भाजपा नेता राहुल चौधरी पर हुई चार दिन पहले जानलेवा हमले में पांच लोगों के विरुद्ध कोतवाली में नामजद मुकदमा पंजीकृत हुआ था लेकिन राहुल चौधरी भाजपा मंडल अध्यक्ष युवा मोर्चा ने जांच कर रहे दरोगा पर सीधा सांठगांठ करने का आरोप लगाते हुए कार्रवाई न करने की बात कही है। कार्यवाहक कोतवाल वीरेंद्र सैनी ने बताया कि नगर के जहांगीराबाद चुंगी चौराहे पर हुई 4 दिन पहले की वारदात को लेकर पुलिस गंभीरता से जांच कर रही है। उधर चार दिन बीत जाने के बाद खुले आसमान के नीचे पांचों नामजद आरोपी घूम रहे हैं। कार्यवाही नहीं होने से नगर में तरह-तरह की चर्चा चल रही है।

# दो बाइकों की आमने-सामने की टक्कर, एक की हालत गंभीर

वेलकम इंडिया

**कांधला। (मोहसिन रहमानी)** थाना क्षेत्र के दिल्ली रोड स्थित भारसी मोड़ के समीप दो बाइकों की आमने-सामने की टक्कर हो गई।एक बाइक सवार गंभीर रूप से घायल हो गया चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार कर गंभीर अवस्था में जिला अस्पताल रेफर कर दिया है। दूसरा बाइक सवार मौके से फरार हो गया।

थाना क्षेत्र के गांव भनेड़ा निवासी गौरव रविवार को बाइक पर सवार होकर किसी कार्य से शामली गया हुआ था और अपना कार्य समाप्त करने के बाद अपनी बाइक से वापस अपने गांव जा रहा था। बाइक सवार युवा के जैसे ही थाना क्षेत्र के दिल्ली सहारनपुर हाईवे स्थित गांव भारसी मोड़ के समीप पहुंचा तो, विपरीत दिशा से आ रहे हैं बुलेट बाइक सवार ने सामने की टक्कर मार दी। बुलेट की टक्कर से बाइक सवार गौरव गंभीर रूप से



घायल हो गया, घायल की चीख-पुकार सुनकर राहगीरों ने 108 एंबुलेंस को सूचना दी। 108 एंबुलेंस कर्मचारी ने घायल युवक को उपचार के लिए नगर के सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया। चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार कर गंभीर अवस्था में जिला अस्पताल रेफर कर दिया है। बुलेट बाइक सवार हादसे को अजाम देकर मौके से फरार हो गया। हादसे की जानकारी मिलने पर पहुंचे परिजन घायल को लेकर जिला अस्पताल के लिए चले गए।

# अनपढ़ मां की जंग – बेटे ने लिखी मां के संघर्षों की जीवंत कहानी

वेलकम इंडिया राजेंद्र सिंह

**हापुड़।** जनकवि बेखौफ शायर डा. नरेश कुमार सागर ने अपनी 82 वर्षीय मां श्रीमती रामेश्वरी देवी के जीवन संघर्षों पर आधारित एक अनोखी जीवनी अनपढ़ मां की जंग लिखी है, जो विश्व स्तर पर अपनी तरह की पहली कृति मानी जा रही है।अब तक विश्व साहित्य में ऐसा कोई उदाहरण नहीं मिलता जब किसी लेखक ने अपनी मां के जीवित रहते हुए उनके संघर्षपूर्ण जीवन पर कलम चलाई हो।

डा. सागर की यह पहल न केवल साहित्य जगत में एक नया अध्याय जोड़ती है, बल्कि समाज को भी परिवार के बुजुर्गों के प्रति संवेदनशील होने का संदेश देती है।जैसे ही अनपढ़ मां की जंग का प्रकाशन हुआ, डा. सागर ने उसकी पहली प्रति अपनी मां के हाथों से ही



खुलवाई। वह पल अत्यंत भावुक और गर्व से भरा हुआ था।डा. सागर ने कहा मेरी मां के चेहरे की खुशी मेरे और मेरे परिवार के लिए सबसे बड़ी दौलत है।

मैंने गरीबी में अपनी मां का संयम देखा है। हर मुश्किल वक्त में मां और पिताजी को संघर्ष करते हुए नजदीक से देखा है। मैंने आज तक जितना पानी पिया है, उससे ज्यादा मेरी मां और पिताजी ने आंसू पीए हैं। इस किताब को लिखकर मुझे एक आत्मिक संतोष मिला है इसे लिखते समय अपनी पीड़ाएं भी भूल गया।

डा.सागर की यह कृति न केवल एक मां-बेटे के रिश्ते की अमर कहानी है, बल्कि यह संदेश भी देती है कि जीवन की असली प्रेरणा हमें अक्सर हमारे घर के आंगन में ही मिल जाती है।

## मन्दिर व मस्जिद पर लगे तीव्र ध्वनि विस्तारक यंत्र/ लाउडस्पीकरों को किया चेक

**संतकबीरनगर।** रविवार को पुलिस अधीक्षक संदीप कुमार मीना के निर्देशन, अपर पुलिस अधीक्षक सुशील कुमार सिंह के मार्गदर्शन के क्रम में जनपद संतकबीरनगर के समस्त थानों की पुलिस द्वारा धार्मिक स्थलों/सार्वजनिक स्थानों पर लगे अवैध लाउडस्पीकर/ ध्वनि विस्तारक यंत्रों के विरुद्ध प्रभावी अभियान चलाया गया ।जनपद के समस्त थानों द्वारा अपने-अपने थाना क्षेत्र के धार्मिक स्थलों की चेकिंग की गई, चेकिंग के दौरान अवैध लगे लाउडस्पीकर को उतरवाया गया तथा सरकार द्वारा तय मानक के अनुरुप ही लाउडस्पीकर लगवाने की हिदायत दिया गया ।मानक से अधिक तेजी से बज रहे लाउडस्पीकर की आवाज को कम कराया गया तथा आवाज मानक के अनुरूप रखने हेतु निर्देशित किया गया ।

## पुलिस लाइन परिसर में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया

**बुलंदशहर।** उत्तर प्रदेश पुलिस फैमिली वेलफेयर एसोसिएशन (वामासारथी) के अन्तर्गत वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक बुलन्दशहर दिनेश कुमार सिंह के निर्देशन में रविवार को पुलिस लाइन परिसर में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया जिसमें पुलिस विभाग के अधिकारी/कर्मचारीगण एवं उनके परिजनों तथा रिक्रूट आरक्षियों ने बढ़-चढ़कर रक्तदान किया। कार्यक्रम का उद्देश्य समाज में रक्तदान के प्रति जागरूकता फैलाना और जरूरतमंद मरीजों के लिए रक्त की उपलब्धता सुनिश्चित करना था। शिविर में स्वास्थ्य विभाग की टीम ने रक्तदानकताओं का स्वास्थ्य परीक्षण किया और उन्हें प्रमाण पत्र प्रदान किए गये। इस अवसर पर प्रतिसार निरीक्षक अजय श्रीवास्तव एवं डॉक्टर गोविंद मिश्रा प्रभारी ब्लड बैंक बुलंदशहर एवं उनकी टीम सहित अन्य पुलिसकर्मी मौजूद रहे।

# युवक कांग्रेस नेता उपाध्याय के हमलावरों का नहीं चला पता, आज से फिर आंदोलन करेगी जनसंघर्ष वाहिनी

वेलकम इंडिया

**बागेश्वर।** युवक कांग्रेस के नेता व पूर्व छात्र संघ सहसचिव अंकुर उपाध्याय के हमलावर एक सप्ताह बाद भी पुलिस की गिरफत में नहीं आने से जनसंघर्ष वाहिनी ने नाराजगी जताई है। पुलिस को हमले की तहरीर के बाद मुकदमा दर्ज होने के बाद अब भी हैं। इधर अंकुर उपाध्याय बरेली से इलाज कराकर वापस लौट आए हैं। बागेश्वर जन संघर्ष वाहिनी ने हमलावरों की गिरफतारी न होने से आक्रोषित बागेश्वर जन संघर्ष वाहिनी ने सोमवार से आंदोलन की चेतावनी दी है।

बता दें कि एक सप्ताह पूर्व छात्र नेता व पूर्व छात्र संघ सह सचिव अंकुर उपाध्याय पर चार युवकों ने भराडी टैक्सी स्टेंड पर हमला किया था। जिससे वे गंभीर रूप से घायल हो गए थे तथा उनका बरेली के निजी अस्पताल में चल रहा था। अंकुर उपाध्याय इलाज कराकर वापस लौट आए हैं।पूर्व में कोतवाल अनिल उपाध्याय के आश्वाशन पर पुलिस को जल्द आरोपियों की गिरफ्तारी का आश्वासन दिया गया था।इधर पुलिस जहां पुलिस द्वारा आरोपियों की गिरफ्तारी को लेकर जगह जगह दबिश के बाद आरोपी पुलिस के हत्थे नही चढ़ पाए है। जिस पर बागेश्वर जनसंघर्ष वाहिनी के जिलाअध्यक्ष कवि जोशी ने पुलिस के प्रति नाराजगी व्यक्त करते हुए चेतावनी दी है कि यदि सोमवार तक नामजद आरोपियों को गिरफतार नहीं किया गया तो सोमवार से गांधी मूर्ति के समीप अनिश्चितकालीन आंदोलन किया जाएगा। इधर कोतवाल अनिल उपाध्याय ने बताया कि आरोपियों की गिरफतारी के लिए पुलिस टीमें लगातार दबिश दे रही है।उनके संदिग्ध ठिकानों पर दबिश दी जा रही है। उन्होंने जल्द आरोपियों की गिरफ्तारी होने की बात कही।

## उपजिलाधिकारी के आश्वासन पर आंदोलन हुआ स्थगित

**कपकोट।** कपकोट की स्वास्थ्य सुविधाओं को लेकर कांग्रेस द्वारा रविवार से प्रस्तावित आंदोलन उपजिलाधिकारी की वार्ता के बाद स्थगित हो गया। साथ ही कांग्रेस ने चेतावनी दी है कि यदि प्रशासन व विभाग ने वायदा न निभाया तो पुनः आंदोलन किया जाएगा। बता दें कि कपकोट की स्वास्थ्य सुविधाएं बहाल किए जाने की मांग को लेकर कांग्रेस कमेटी ने 10 नवम्बर से अनिश्चितकालीन धरना प्रदर्शन करने का निर्णय लिया था । कपकोट के उपजिलाधिकारी अनिल चन्याल ने शनिवार को स्वास्थ्य विभाग व जनप्रतिनिधियों के साथ बैठक की तथा कपकोट की स्वास्थ्य सुविधाओं पर चर्चा की गई। बैठक में अपर मुख्य चिकित्साधिकारी डा दीपक कुमार ने बताया कि कपकोट की स्वास्थ्य सुविधाओं के लिए जनप्रतिनिधियों समेत स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी गंभीर हैं। कहा कि कुछ समय के भीतर आंदोलनकारियों की मांगों पर सकारात्मक निर्णय लिया जाएगा।

# दहेज में कार की मांग पूरी नहीं होने पर विवाहिता को घर से निकला, मुकदमा दर्ज

वेलकम इंडिया

**कांधला। (मोहसिन रहमानी)** कस्बा निवासी एक विवाहिता ने अपने पति सहित ससुराल के आधा दर्जन लोगों पर अतिरिक्त दहेज की मांग करने व पूरी नहीं होने पर मारपीट करते हुए घर से निकलने का आरोप लगाया पुलिस ने अभियोग दर्ज कर कार्यवाही शुरू कर दी है। कस्बा निवासी महिला निकिता शर्मा पुत्री विपुल शर्मा ने बताया कि उसकी शादी विगत 30 नवंबर 2020 को हेमंत कुमार पुत्र विनोद शर्मा निवासी मोहल्ला सिमली शीतला माता मंदिर लक्सर थाना हरिद्वार के साथ हुई थी।

पीड़िता विवाहिता का आरोप है कि पीड़िता का पति और ससुराल वाले दहेज में दिए गए सामान से खूश नहीं थे और पीड़िता को आए दिन भूख प्यासा रखते थे और उसका शारीरिक व मानसिक उत्पीड़न करते थे। पीड़ित महिला का आरोप है कि पति सहित देवर आर्यन ससुर विनोद सास इंदिरा देवी एवं प्रियंक कुमार और किरण भार्गव पीड़िता से दहेज में पांच लाख रुपए और एक कार की मांग करने लगे।

आरोप है कि जब पीड़िता द्वारा अतिरिक्त दहेज की मांग पूरी नहीं की गई तो आरोपियों ने एक राय होकर पीड़िता को मारपीट करते हुए उसकी तीन वर्ष की बच्ची सहित मारपीट कर घर से निकाल दिया। पीड़िता ने मामले की जानकारी मायके पक्ष को दी। मायके वाले लेकर घर आ गए। आरोप है कि विगत 23 मार्च 2025 को पीड़िता अपने घर पर थी आरोप है कि तभी पीड़िता के पति सहित ससुराल वालों ने मारपीट कर दी। पीड़िता ने मामले की सूचना महिला थाना सहित उच्च अधिकारियों को दी।

# सिया रही कुँआरी टूटे नही चाप किसने तोड़ा धनुष शंकर का

वेलकम इंडिया

**धरमघर,परसिलाल वर्मा, पिथौरागढ़।** बागेश्वर जिले की सीमा में बसे पर्यटक कस्बे में इन दिनों रामलीला मंचन की धूम मची है।भारी ठंड के चलते दूर दराज से लोग रामलीला देखने आ रहे हें।धरमघर की रामलीला मंचन का यह50वां वर्ष चल रहा है। तृतीय दिवस की राम लीला में सिया रही कुँआरी टूटे नही चाप---किसने तोड़ा धनुष शंकर का में--- जनकपुरी में सीता स्वयंवर, धनुष यज्ञ,देश देशांतर के राजाओं का धनुष तोड़ने मेंअसफल होना,विश्वामित्र का राम को धनुष तोड़ने का आदेश,राम का धनुष तोड़ना,परशुराम लक्ष्मण सवाद,राजा



जनक द्वारा अयोध्या में राजा दशरथ को स्वयंवर का निमंत्रण भेजने तक की लीला का मंचन किया गया।

मुख्य अतिथि जोशी ने अपने सम्बोधन में कहा कि हम सभी को राम के आदर्शों को अपने जीवन मे आत्मसात करना चाहिए।

इस अवसर पर कमेटी के अध्यक्ष मनोहर पंचपाल,व्यवस्थापक शेखर जोशी,ग्राम प्रधान कराला मनोज पाठक,सिंमगड़ी प्रधान गोकुल पंचपाल, चुचेर प्रधान दीपा देवी, राज्य आंदोलनकारी गंगा सिंह पांगती, भाजपा नेता दर्पण कुमार,संरक्षक पी एल वर्मा,हारमोनियम मास्टर भजन उप्रेती,तबला वादक कमल कुमार,वक्ता मेंनेजर प्रवक्ता प्रदीप जोशी सहित सैकड़ो लोग मौजूद थे।

# टीचर्स सेल्फ केयर टीम की जिला एवं ब्लॉक कार्यकारिणी की बैठक सम्पन्न

वेलकम इंडिया

**टाण्डा।** रविवार को हिन्दू मॉडल इंटर कॉलेज के सभागार में टीचर्स सेल्फ केयर टीम की जिला एवं ब्लॉक कार्यकारिणी की बैठक का सफल आयोजन भगतपुर टांडा ब्लॉक टीम की मेजबानी में किया गया।

बैठक में दिवंगत सदस्यों के आर्थिक सहयोग, बीमार सदस्यों के उपचार हेतु जीवनदान योजना, तथा कन्याओं के विवाह में सहयोग के लिए कन्यादान योजना पर विस्तारपूर्वक चर्चा की गई और आगामी कार्ययोजना तय की गई।इस अवसर पर कई नए पदाधिकारियों का मनोनयन भी किया गया। सभी नवनियुक्त पदाधिकारियों




को मनोनयन पत्र प्रदान किए गए।

बैठक की अध्यक्षता जिला संयोजक सुधीश पाराशरी ने की तथा मंडल सह संयोजक तृप्ति शर्मा मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहीं।

जिला प्रवक्ता मयंक शर्मा ने ओजस्वी गीत व संजय गुप्ता ने मधुर गीत प्रस्तुत किया।

कार्यक्रम का संचालन सौरभ प्रसून एवं मोहम्मद आरिफ ने संयुक्त रूप से किया। अंत में भगतपुर टांडा ब्लॉक संयोजक धर्मपाल ने सभी अतिथियों व पदाधिकारियों के प्रति आभार व्यक्त किया और टीम भावना व सहयोग को संगठन की सबसे बड़ी शक्ति बताया।

# सहस्त्रबाहु अर्जुन जन्मोत्सव मां गंगा की गोद की आवाज गूंजेगा पूरा हिंदुस्तान : मनोज जायसवाल

वेलकम इंडिया/संतोष कुमार सिंह



**वाराणसी।** जायसवाल क्लब के संस्थापक अध्यक्ष मनोज जायसवाल ने बताया कि हर वर्ष की भांति इस साल भी भगवान सहस्त्रबाहु अर्जुन शोभायात्रा आज मां गंगा की गोद में मनाया गया जायसवाल क्लब हर वर्ष कुछ नया करता हैं और समाज को अपने आराध्या के प्रति जागरूक करना एक विजन हैं प्रदेश प्रवक्ता प्रकाश जायसवाल ने कहा कि भगवान सहस्त्रबाहु अर्जुन जी के जन्म उत्सव के उपलक्ष्य में विगत 15 दिवसीय इस शोभायात्रा पखवारा जायसवाल क्लब के लोगों के द्वारा जगह जगह पूरे हिंदुस्तान में निकाली जाति हैं आज इसका समापन काशी के मां गंगा की गोद में किया गया है समाज के लोगों ने तमाम महिलाओं बच्चों ने अस्सी घाट से बजड़े में बैठकर नमो घाट तक भगवान सहस्त्रबाहु अर्जुन जी के आरती, भजन, पूजन, अर्चन करते हुए स्वजाति समाज के लोगों ने अपने आराध्या के प्रति जो विजन पूरे देश में चलाने का काम किया है वो कही ना कही एक बड़ा मैसेज देने का काम करेगा।

शोभायात्रा हिंदुस्तान ही नहीं पूरे देश में जायसवाल क्लब के स्वजातीय भाइयों के द्वारा हर्ष और उल्लास के साथ निकाला जाता है आज जरूरत हैं हम सभी स्वजातीय बंधुओं को समाज को मिशन नहीं विजन के रूप में मनाने और दिखाने का काम करना चाहिए कई क्षेत्र में ऐसे उदाहरण है कि हमारे समाज को एक जरूरत के रूप में तो जरूर रक्खा जाता हैं लेकिन जब समय आता है समाज को उसका हक देने का तो कहीं ना कहीं अनदेखा अनसुना किया जाता है इसका कारण कुछ हद तक हम स्वजातीय समाज के लोग भी है क्योंकि हम आज भिन्न-भिन्न नाम से जाति में बटे हुए हैं हम सभी को एक होने की जरूरत हैं देश को अपनी ताकत का अहसास कराने की जरूरत हैं जब तक हम अपनी ताकत का एहसास नहीं करेंगे तो हम अपने मूलभूत अधिकार सुविधा को पाने से पीछे रह जायेगे। हम उस आराध्या सहस्त्रबाहु अर्जुन के वंशज है जिन्होंने रावण जैसे बलशाली तीनों लोक पे अपना पताका फहराने वाले को भी छह माह तक बंधक बनाकर रक्खा था हमें अपने ताकत को समझने और देश को समझाने की जरूरत हैं हमारे अग्रज मनोज जायसवाल ने जो समाज को एक माला में पिरोने का प्रतिज्ञा किया हैं उसी से संभव हैं आइए हम सभी आज इस मंच से एक वचन लेकर जाते है कि मनोज जायसवाल के इस विजन को समाज के आखिरी व्यक्ति तक पहुंचाने और जोड़ने का काम करेंगे।

समापन के दौरान प्रो.कृपा शंकर जायसवाल, अनूप जायसवाल, राजकुमार जायसवाल, नंदलाल जायसवाल, संरक्षक सीए बृजेश जायसवाल, डॉ नीलम गुप्ता, डा प्रेम नारायण, स्वीटी जायसवाल, रमेश जायसवाल, चेयरमैन शिवम खेतसराय, रामकुमार जायसवाल, हेमंत जायसवाल, अजय जी, राजेश जायसवाल, कमलेश जायसवाल सहित इत्यादि लोग उपस्थित रहे।

# उर्दू हमारी सांस्कृतिक विरासत की संरक्षक है : डॉक्टर अजहर सईद

वेलकम इंडिया/संतोष कुमार सिंह




**वाराणसी।** सारे जहां से अच्छा हिंदोस्तान हमारा, लिखने वाले प्रख्यात शायर अल्लामा इकबाल की जयंती नौ नवंबर रविवार को पूरे उर्दू जगत में विश्व उर्दू दिवस के रूप में मनाई जाती हैं इस अवसर पर शहर की समाजसेवी संस्था ₹सुल्तान क्लब₹ द्वारा काजीसादुल्लाह पुरा स्थित सिटी गर्ल्स इंटर कॉलेज के मल्टीपरपज हॉल में रविवार को ₹जश्ने उर्दू मुशायरा व कवि सम्मेलन₹ समारोह का भव्य आयोजन किया गया कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रख्यात शायर एवं ए.ओ.मुस्लिम इंटर कॉलेज, लल्लापुरा के पूर्व प्रधानाचार्य आबिद हाशमी और निजामत जमीयत उल अंसार, बनारस के महासचिव इशरत उस्मानी ने की।

समारोह के मुख्य अतिथि, उर्दू प्रवक्ता डायट ज़िला चंदौली, डॉ.अजहर सईद ने अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि उर्दू सिर्फ.एक भाषा नहीं है बल्कि यह हमारी साझी सभ्यता और एकजुट राष्ट्रवाद का एक उज्ज्वल प्रतीक हैं उर्दू इसी भारत भूमि में जन्मी यहीं पली-बढ़ी और यहीं अपने शिखर पर पहुँची यदि हम उर्दू भाषा के इतिहास पर दृष्टि डालें तो यह तथ्य स्पष्ट हो जाता है कि भारत के सभी निवासियों ने चाहे वे किसी भी धर्म या राष्ट्रीयता के हों, इस भाषा के संवर्धन में अपना रक्त और आत्मा अर्पित किया है।

उर्दू भाषा भारत के गौरव की व्याख्याकार है और भाषा एवं संस्कृति के इस सफर को गति देने में उर्दू शायरी ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है आज सूचना प्रौद्योगिकी के इस युग में उर्दू भाषा असंख्य समस्याओं से जूझ रही है इसलिए उर्दू भाषा के लोगों का यह राष्ट्रीय और धार्मिक कर्तव्य है कि वे इस भाषा के संरक्षण और संवर्धन के लिए आगे आएँ और उर्दू को पहले अपने दिलों की भाषा और फिर घर- घर की भाषा बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएँ अपने अध्यक्षीय भाषण में आबिद हाशमी ने कहा कि उर्दू साहित्य के इतिहास का सबसे उज्ज्वल अध्याय भारत का राष्ट्रीय स्वतंत्रता आंदोलन है जहाँ इकबाल, मीर, गालिब की उर्दू, स्वतंत्रता सेनानियों के साथ आजादी के गीत गाते हुए दिखाई देते हैं आज देश को उर्दू की उसी लोकतांत्रिक भूमिका की ओर वापस ले जाने की आवश्यकता है।

कार्यक्रम के संरक्षक सरदार हाजी हाफिज मोइनुद्दीन (बुनकर बिरादराना तंजीम वाईसी) ने कहा कि राष्ट्र अपनी भाषा की रक्षा के बिना अपना अस्तित्व खो देते हैं इसलिए ऐसे युग में जब हमारे अपने लोग भी इस भाषा का अनादर कर रहे हैं सुल्तान क्लब के सदस्यों ने इस खूबसूरत महफिल जश्ने उर्दू का आयोजन करके आशा का एक दीपक जलाया है यह दीपक हमेशा रोशन रहे।

# कुंवरपाल कोरी बने प्रदेश सचिव



वेलकम इंडिया राजेंद्र सिंह

**हापुड़।** आल इंडिया हिन्दुस्तान कांग्रेस पार्टी उत्तर प्रदेश की एक बैठक जनपद हापुड़ के ग्राम बदनौली में मामचंद के आवास पर आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता प्रदेश अध्यक्ष पंडित गोपाल शर्मा ने की। बैठक के दौरान संगठन विस्तार को लेकर महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए, जिसमें कुंवरपाल कोरी को पार्टी का प्रदेश सचिव नियुक्त किया गया।इस अवसर पर प्रदेश कानूनी सलाहकार पंडित नरेश चन्द्र शर्मा ने नव नियुक्त प्रदेश सचिव को बधाई एवं शुभकामनाएं दीं।बैठक में सुनील कुमार शर्मा, सागर सिंह, विकास सहित कई कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# थाना जीआरपी कैण्ट वाराणसी पुलिस ने प्रधानमंत्री भारत सरकार का कार्यक्रम सकुशल कराया सम्पन्न



**वाराणसी।** प्रधानमंत्री भारत सरकार द्वारा बनारस स्टेशन से खजुराहो स्टेशन तक वन्दे भारत ट्रेन को हरी झंडी दिखाकर रवाना करने के कार्यक्रम में पुलिस महानिदेशक रेलवे श्री प्रकाश डी0, पुलिस महानिरिक्षक रेलवे राजेश मोदक, महानिरीक्षक आरपीएफ मो0 तारिक खान के कुशल नेतृत्व में पुलिस अधीक्षक रेलवे अनुभाग प्रयागराज प्रशांत वर्मा, पुलिस उपाधीक्षक रेलवे वाराणसी कुंवर प्रभात एवं पुलिस उपाधिक्षक रेलवे कानपुर दुष्यंत कुमार के कुशल निर्देशन में प्रभारी निरीक्षक रजोल नागर व चौकी प्रभारी बनारस उप निरीक्षक अशोक कुमार ओझा व आरपीएफ, जीआरपी के साथ कार्यक्रम में सम्मिलित हुये जनता व यात्रियों की सुविधाओं को ध्यान में रखते हुयें उक्त कार्यक्रम को सकुशल सम्पन्न कराया गया जिस पर कार्यक्रम में शामिल हुये जनता व यात्रियों के द्वारा जीआरपी/आरपीएफ की भूरि-भूरि प्रशांसा की गयी।

# वाराणसी विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष श्री पूर्ण बोरा ने लालपुर आवासीय योजना का किया व्यापक निरीक्षण



**वाराणसी।** वाराणसी विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष श्री पूर्ण बोरा के द्वारा 9 नवम्बर 2025 रविवार को लालपुर आवासीय योजना का व्यापक निरीक्षण किया गया इस निरीक्षण का मुख्य उद्देश्य योजना क्षेत्र में चल रहे निर्माण कार्यों की गुणवत्ता, भवन उपविधियों के अनुपालन, अधोसंरचना की उपलब्धता तथा प्राधिकरण द्वारा निर्धारित मानकों के अनुरूप विकास कार्यों की प्रगति की समीक्षा किया गया निरीक्षण के दौरान उपाध्यक्ष ने सर्वप्रथम ड्रेनेज कार्यों की वास्तविक स्थिति का परीक्षण किया उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि ड्रेनेज लाइन, चैंबर, निकासी मार्ग तथा जल प्रबंधन व्यवस्था की पुनः जांच कर विस्तृत रिपोर्ट प्रस्तुत की जाए यह भी कहा गया कि यदि कहीं भी अवरोध, क्षति या निम्न गुणवत्ता से संबंधित तथ्य पाए जाते हैं तो उसके विरुद्ध आवश्यक सुधारात्मक एवं विधिक कार्रवाई की जाएगी।इसके पश्चात्योजना में उपलब्ध खाली प्लॉटों, पूर्व में किए गए निर्माण कार्यों तथा वर्तमान में चल रहे निमार्णों की समीक्षा की गई उपाध्यक्ष श्री पूर्ण बोरा ने विशेष रूप से निर्देशित किया।

# नजीबाबाद मतदाता गहन पुनरीक्षण एस आई आर के निमित्त विधानसभा

वेलकम इंडिया महमूद रजा



**नजीबाबाद।** कार्यकताओं की यह कार्यशाला स्वयंभू मोटा मन्दिर परिसर में जिला अध्यक्ष भूपेंद्र चौहान बॉबी जी के मुख्य आतिथ्य में संपन्न हुई कार्यशाला की अध्यक्षता मंडल अध्यक्ष कमल सैनी संचालन महामंत्री सचिन देशवाल ने किया जिला अध्यक्ष भूपेन्द्र चौहान बाबी ने कहा कि पूरे मनोयोग से मतदाता गहन पुनरीक्षण का कार्य करें हम सब कार्यकर्ता उन्होंने कहा कि इस अभियान में हमें पूरे मनोयोग से लगकर मतदाता गहन पुनरीक्षण का कार्य करना है।

बीएलओ का सहयोग करते हुए शुद्ध मतदाता सूची बनवाना सुनिश्चित करें यह कार्य हमें शक्ति केंद्र बूथ स्तर पर मजबूती से काम करना है इसके लिए हर कार्यकर्ता को पूरे मनोयोग से जुटने की आवश्यकता है इस इसके लिए इस अवसर पूर्व प्रत्याशी राजीव अग्रवाल, जिलामंत्री बलराज त्यागी, ब्लॉक प्रमुख तपराज सिंह देशवाल, पूर्व ब्लाक प्रमुख अवधेश कुमार, देवेंद्र सिंह, बृज कुमार चेयरमैन गन्ना समिति, मंडल अध्यक्ष कमल सैनी, वरुण आत्रेय, डा भूपेन्द्र राजपूत, चौधरी ईशम सिंह, एड अवनीश जोशी, अरविन्द विश्वकर्मा, डा रितेश सैन, दीपक वाल्मीकि, दीपक कर्णवाल, राजेन्द्र सिंह, मुकुल रंजन दीक्षित, आर्य वीरेंद्र शर्मा, अनुज चौधरी, मनोज राणा, अंकित राजपूत, इन्दू राजपूत, सुविधा भटनागर, गीता राज, गायत्री निराला, आशू अग्रवाल, नमन गुप्ता, एड अंकित वशिष्ठ, ओमकार सिंह, तपेश्वर सिंह, सचिन देशवाल, पूर्व अध्यक्ष राजकुमार प्रजापति, संजीव राठी, मुकेश अग्रवाल, नरपाल सिंह, डा अशोक गहलोत, राहुल चौहान, कृष्ण पाल सिंह, शिवम चौहान, मोहित चौहान, महबूब मलिक, तासिम राइन, राजवीर चौहान, कृष्ण पाल सिंह, राजेन्द्र सिंह, सतीश चौहान, नरपाल सिंह, अतुल राजपूत, अभिषेक यादव, संजय सैनी, अभय रघुवंशी, अशोक पाल, मुकुल बंसल आदि उपस्थित रहे।

# थाना जीआरपी कैण्ट वाराणसी पुलिस ने एनबीडब्लू मे एक अभियुक्त को किया गिरफ्तार

वेलकम इंडिया/संतोष कुमार सिंह



**वाराणसी।** पुलिस महानिदेशक रेलवे श्री प्रकाश डी0, पुलिस महानिरीक्षक रेलवे राजेश मोदक, पुलिस अधीक्षक रेलवे अनुभाग प्रयागराज प्रशान्त वर्मा, पुलिस उपाधीक्षक रेलवे वाराणसी कुंवर प्रभात के आदेशानुसार रेलवे स्टेशन, प्लेटफार्मों व सकुर्लेटिंग एरिया में चोरी की घटनाओ की रोकथाम एवं अपराधियो, वारण्टियों की गिरफ्तारी व बरामदगी अवैध तस्करी के मद्देनजर चलाये जा रहे अभियान के तहत प्रभारी निरीक्षक रजोल नागर के निर्देशन में उप निरीक्षक श्रीकान्त यादव मय हमराह हेड कांस्टेबल अखिलेश कुमार यादव के रवाना शुदा रपता रपट रो0आम तारीखी इमरोजा से थाना हाजा से प्रस्थान कर थाना स्थानीय से प्राप्त न्यायालय एसीजेएम एनआर वाराणसी द्वारा जारी एनबीडब्लू व 82 सीआरपीसी केश नम्बर 5084/18 राज्य बनाम दिनेश उर्फ गणेश धारा 379/411 भादवि थाना जीआरपी कैण्ट वाराणसी वारण्टी दिनेश उर्फ गणेश पुत्र लल्लू डोम नि0 दीनदयाल अस्पताल के पागलखाना रोड धोबी घाट झोपड़पट्टी थाना कैण्ट वाराणसी उम्र 38 वर्ष को कारण गिरफ्तारी बताकर 9 नवम्बर 2025 रविवार को गिरफ्तार किया गया।गिरफ्तारी प्रपत्र मौके पर तैयार कर सर्व सम्बन्धित के हस्ताक्षर बनवाये गये गिरफ्तारी की सूचना मौके पर वारण्टी के पत्नी को दी गयी तथा आवश्यक कानूनी कार्यवाही करते हुए सम्बंधित न्यायालय मे भेजा गया।

सराहनीय कार्य करने वाली टीम मे राजोल नागर प्रभारी निरीक्षक थाना जीआरपी कैण्ट वाराणसी, उप निरीक्षक श्रीकान्त यादव (चौकी प्रभारी काशी) थाना जीआरपी कैण्ट वाराणसी, हेड कांस्टेबल कअखिलेश कुमार यादव चौकी काशी थाना जीआरपी कैण्ट वाराणसी पुलिस शामिल रहीं।

# ओएमएसएस व्यवस्था के अंतर्गत उत्तर प्रदेश को आधिकारिक रूप से मिले गेहूं उत्पादक राज्य का दर्जा : दीपक कुमार बजाज

वेलकम इंडिया/संतोष कुमार सिंह



**वाराणसी।** उत्तर प्रदेश रोलर फ्लोर मिलर्स एसोसिएशन जो पिछले छह दशकों से राज्य में संचालित रोलर फ्लोर मिलिंग उद्योग के संरक्षण, प्रगति एवं विकास के लिए सतत कार्यरत है एसोसिएशन के अध्यक्ष दीपक कुमार बजाज ने कहा कि हम वित्त वर्ष 2025-26 हेतु ओपन मार्केट सेल स्कीम (डोमेस्टिक) (डटरर-ऊ) की घोषणा का स्वागत करते है तथा खुले बाजार में गेहूं उपलब्ध कराने की पहल के लिए भारत सरकार एवं भारतीय खाद्य निगम (एफसीआइ) के प्रति आभार प्रकट करती हैं इस नीति का उद्देश्य देश में मूल्य स्थिरता बनाए रखना एवं आटा उद्योग हेतु पर्याप्त कच्चे माल की उपलब्धता सुनिश्चित करना प्रशंसनीय है।

जैसा कि अधिसूचित किया गया है वित्त वर्ष 2025-26 के लिए ओएमएसएस के अंतर्गत गेहूं का आरक्षित मूल्य 2,550 रुपए प्रति क्विंटल निर्धारित किया गया है जबकि गेहूं का न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) 2,425 रुपये प्रति क्विंटल है यह भी उल्लेखनीय है कि इस आरक्षित मूल्य में परिवहन एवं मालभाड़ा शुल्क सम्मिलित नहीं है।

यह विशेष रूप से उल्लेखनीय है कि उत्तर प्रदेश देश के सर्वाधिक गेहूं उत्पादक राज्यों में से एक होने तथा राज्य में देश की सबसे अधिक संख्या में रोलर फ्लोर मिलें संचालित होने के बावजूद, गेहूं पर मालभाड़ा जोड़ा जा रहा है इसके विपरीत, पंजाब एवं हरियाणा जैसे उच्च उत्पादक राज्यों में ओएमएसएस के तहत गेहूं पर कोई मालभाड़ा नहीं जोड़ा जाता, क्योंकि उन्हें उत्पादक राज्य का दर्जा प्राप्त है।

चूँकि उत्तर प्रदेश देश के गेहूं उत्पादन में महत्वपूर्ण योगदान देता है तथा आटा, मैदा एवं सूजी की आपूर्ति देश के विभिन्न राज्यों में करता है, इसलिए उत्तर प्रदेश को भी ओएमएसएस व्यवस्था के अंतर्गत ₹उत्पादक राज्य का दर्जा दिया जाना न्यायसंगत एवं आवश्यक है।

# उप जिलाधिकारी का फरमान रहा बेअसर डग्गामार वाहन नगर के अंदर से या किसी चौराहे से संचालित नहीं किए जाएंगे

वेलकम इंडिया महमूद रजा



**बिजनौर।** नजीबाबाद डग्गामार वाहन स्वामी यो व मुंशीयों और ठेकेदारों की एक बैठक पिछले दिनों एसडीम महोदय ने अपने कार्यालय में बुलाकर सबको हिदायत दी थी की कोई डग्गामार वाहन नगर के अंदर से या किसी चौराहे से संचालित नहीं किए जाएंगे इसी बीच टी आई पुलिस को भी हिदायत दी गई थी कि अगर यह नहीं माने तो इनका चालान पर चालान किया जाए लेकिन डग्गामार वाहन चालकों ने अप जिला अधिकारी के आदेश को ठेंगा दिखाते हुए कृष्ण टॉकीज के चौराहे से ही माल गोदाम के तिराहे से ही अपने वाहन संचालित कर रहे हैं जिसकी वजह से नगर में जाम की स्थिति बनी हुई है नगर पालिका के एक अधिकारी को बुलाकर रिक्शाओं पर लगाम लगाने की बात भी कही गई थी लेकिन नगर पालिका ने भी आदेश की तामील नहीं की है और एसडीएम के आदेश की धज्जियां उड़ाने में कोई कोर कसर बाकी नहीं रखी अगर प्रशासन ने नगर के जाम को देखते हुए कोई ठोस कदम नहीं उठाया तो नगर के पत्रकार सब मिलकर इन डग्गामार वाहन के खिलाफ आंदोलन करेंगे और नगर को जाम से मुक्त करने का काम किया जाएगा इसी संबंध में एक ज्ञापन एसडीम को 10,,,11,,25 सुबह 10:00 बजे दिया जाएगा ज्ञापन सौंप कर सभी पत्रकार गण आंदोलन की रूपरेखा तैयार करेंगे।

# 17वीं बिजनौर जिला ताईक्वाण्डो चैम्पियनशिप 2025 का भव्य आयोजन

वेलकम इंडिया महमूद रजा

**बिजनौर।** जिला ताईक्वाण्डो एसोसिएशन बिजनौर एवं जिला खेल कार्यालय बिजनौर के संयुक्त तत्वावधान में 17वीं बिजनौर जिला ताईक्वाण्डो चैम्पियनशिप 2025 (बालक एवं बालिका वर्ग) का भव्य आयोजन नेहरू स्पोर्ट्स स्टेडियम, बिजनौर में किया गया।मुख्य अतिथि मा० ऐश्वर्या मौसम चौधरी, भाजपा नेता, बिजनौर ने प्रतियोगिता का उद्घाटन किया।उद्घाटन अवसर पर जिला क्रीड़ाधिकारी राजकुमार ने मुख्य अतिथि का स्वागत बुके भेंट कर, सचिव राजू राजपूत ने शॉल ओढ़ाकर तथा हिमांशु ने बैज लगाकर सम्मानित किया।उद्घाटन के पश्चात खिलाड़ियों द्वारा मुख्य अतिथि के समक्ष ताईक्वाण्डो का आकर्षक प्रदर्शन डेमोंस्ट्रेशन) प्रस्तुत किया गया, जिसमें आत्मरक्षा तकनीकें, किकिंग और ब्रिक ब्रेकिंग कौशल प्रदर्शित किए गए।



मुख्य अतिथि ने खिलाड़ियों के प्रदर्शन की सराहना करते हुए कहा कि ह्लबिजनौर के युवा खेलों में अनुशासन और प्रतिभा का उत्कृष्ट उदाहरण प्रस्तुत कर रहे हैं।मा० ऐश्वर्या मौसम चौधरी, भाजपा नेता, बिजनौर का वक्तव्य:जिला स्तर पर इस प्रकार की प्रतियोगिताएँ न केवल खिलाड़ियों में प्रतिस्पर्धात्मक भावना को बढ़ाती हैं, बल्कि उन्हें अनुशासन, आत्मविश्वास और देशभक्ति की भावना से भी ओत-प्रोत करती हैं।

बिजनौर के खिलाड़ी निरंतर उत्कृष्ट प्रदर्शन कर रहे हैं, जो हमारे जनपद के लिए गर्व की बात है। मैं जिला खेल कार्यालय व ताईक्वाण्डो एसोसिएशन की इस सराहनीय पहल की प्रशंसा करता हूँ, जिन्होंने युवाओं को सही दिशा में आगे बढ़ने और राष्ट्रीय स्तर पर अपनी पहचान बनाने का अवसर प्रदान किया है मैं यह घोषणा करता हूँ कि बिजनौर विधानसभा क्षेत्र के जो भी खिलाड़ी राष्ट्रीय स्तर पर पदक प्राप्त करेंगे, उन्हें मेरी ओर से रू51,000/- का पुरस्कार प्रदान किया जाएगा।

ताईक्वाण्डो जैसा खेल न केवल आत्मरक्षा का माध्यम है, बल्कि यह शारीरिक और मानसिक रूप से सशक्त भारत के निर्माण की भावना को भी मजबूत करता है राजकुमार, जिला क्रीड़ाधिकारी, बिजनौर का वक्तव्यःइस प्रकार की प्रतियोगिताएँ जनपद के खिलाड़ियों को राज्य व राष्ट्रीय स्तर पर अपनी प्रतिभा प्रदर्शित करने का अवसर प्रदान करती हैं। ताईक्वाण्डो जैसे अनुशासन प्रधान खेल से न केवल शारीरिक बल्कि मानसिक सशक्तिकरण भी होता है। खेलों के माध्यम से युवाओं में टीम भावना और आत्मनियंत्रण का विकास होता है।सचिव राजू राजपूत, जिला ताईक्वाण्डो एसोसिएशन, बिजनौर का वक्तव्य हमारा उद्देश्य अधिक से अधिक खिलाड़ियों को ताईक्वाण्डो से जोड़कर उन्हें प्रतियोगी मंच प्रदान करना है। जिला खेल कार्यालय के सहयोग से प्रतियोगिता का आयोजन सफलतापूर्वक संपन्न हुआ है। आने वाले समय में हम राज्य एवं राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिताओं में बिजनौर के खिलाड़ियों की मजबूत उपस्थिति देखना चाहते हैं।

समापन अवसर पर मुख्य अतिथि राजकुमार, जिला क्रीड़ाधिकारी बिजनौर द्वारा विजेताओं को पदक एवं प्रमाणपत्र प्रदान किए गए।

कार्यक्रम का समापन राष्ट्रगान के साथ हुआ इस अवसर पर राजकुमार, जिला क्रीड़ाधिकारी बिजनौर; सचिव राजू राजपूत, जिला ताईक्वाण्डो एसोसिएशन बिजनौर; हिमांशु, सहायक जिला खेल कार्यालय बिजनौर; नईम बॉडी बिल्डर चमन सैनी; लव अग्रवाल; नसीम अहमद; वंशिका चौहान; एवं मौ० आरिफ जीवन सिंह सहित अन्य गणमान्य व्यक्ति एवं खेल प्रेमी उपस्थित रहे।

# लायंस क्लब मोदीनगर सेंट्रल ने रूकमणि स्कूल को दी सेनेटरी पैड वेंडिंग मशीन

वेलकम इंडिया




**मोदीनगर (अनिल वशिष्ठ)।** लायंस क्लब मोदीनगर सेंट्रल द्वारा क्लब के सामाजिक सेवा कार्य को आगे बढ़ते हुए रूकमणि मोदी महिला कॉलेज में एक सेनेटरी पैड वेंडिंग मशीन दी क्लब के सीनियर मेंबर डॉक्टर विनय मित्तल ने बताया क्लब द्वारा समय-समय पर सामाजिक सेवा कार्यों में बढ़-चढ़ हिस्सा लिया जाता है इसी कड़ी में क्लब द्वारा स्कूल की जरूरत को ध्यान में रखते हुए एक सेनेटरी पैड वेंडिंग मशीन दी साथ-साथ लायन लेडी शहर की प्रसिद्ध गायनीकॉलॉजिस्ट डॉ श्रुति माहेश्वरी द्वारा मासिक धर्म स्वच्छता जागरूकता के बारे मैं लेक्चर दिया गया।जिसमें बताया गया की मासिक धर्म के दौरान सुरक्षित और स्वस्थ प्रथाओं की समझ को बढ़ावा देती है। यह स्वच्छ मासिक धर्म उत्पादों के उपयोग और उचित निपटान विधियों के बारे मैं बताया गया। मासिक धर्म से जुड़े सामाजिक कलंक और वर्जनाओं को तोड़ने में जागरूक किया गया। लड़कियों और महिलाओं को संक्रमण से बचाव के लिए व्यक्तिगत स्वच्छता के महत्व के बारे में शिक्षित कराया गया। मासिक धर्म स्वच्छता जागरूकता से महिलाओं की गरिमा, स्वास्थ्य और शिक्षा और समाज में समान भागीदारी के बारे मैं ज्ञान दिया गया स्कूल की प्रधानाचार्य ने आए हुए सभी लायंस क्लब सदस्यों का धन्यवाद दिया इस अवसर पर संरक्षक डॉक्टर विनय मित्तल क्लब के अध्यक्ष राजेश अरोड़ा सचिव डॉक्टर सचदेवा डॉक्टर एस एल गुप्ता डेंटल सर्जन डॉक्टर मनीष गर्ग अंकुर सक्सेना ऑर्थोपेडिक सर्जन डॉक्टर साहिल गर्ग डॉ श्रुति माहेश्वरी आदि उपस्थित रहे।

# प्राइममेक्स स्टूडियोज द्वारा म्यूजिक एलबम फ्लैश को किया रिलीज




वेलकम इंडिया

**मोदीनगर (अनिल वशिष्ठ)।** प्राइममेक्स स्टूडियोज मोदीनगर द्वारा म्यूजिक एलबम फ्लैश को रिलीज किया गया, इस रिलीज के दौरान एलबम के कलाकार व प्रोडक्शन के लोग भी मौजूद रहे। इस एलबम के निमार्ता अमित गोयल ने बताया कि इस एलबम की विशेषता यह है कि इसके म्यूजिक डायरेक्टर म्यूजिक गायकी की दुनिया के फेमस म्यूजिशियन आशीष जी है जोकि मोदीनगर के ही रहने वाले हैं व इसकी कलाकार पोलैंड निवासी मर्सिलिना है। डीजे शेजवुड के नाम से मशहूर प्रसिद्ध म्यूजिशियन व सिंगर आशीष शर्मा ने बताया कि उन्होंने बहुत काम इस इंडस्ट्री में किया है इस बार इच्छा हुई कि अपने शहर मोदीनगर में एलबम का उद्घाटन किया जाए इसलिए यहां किया है। उन्होंने यह भी बताया कि अगले वर्ष हमारी टीम एक फिल्म केदारा का निर्माण करेगी। जिसकी हीरोइन हमारे इस म्यूजिक एलबम की कलाकार पोलैंड निवासी मर्सिलीना ही होगी, यह फिल्म ओटीटी पर रिलीज की जायेगी। पोलैंड निवासी कलाकार मार्सिलिना ने बताया कि वह पिछले कई वर्षों से इंडिया में काम कर रही है उनको इंडियन कल्चर बहुत पसंद है क्योंकि इस फिल्म में काम करने से इंडियन व यूरोपियन कल्चर पास आयेंगे। इस अवसर पर डायरेक्टर जीडी (हरि अग्रवाल), मोदीनगर निवासी बॉलीवुड एक्टर ऋषि भूटानी, वैभव बंसल, व्यापारी नेता अमित गोयल आदि भी मौजूद रहे। अंत में एलबम की कलाकार मार्सिलिना ने एक नृत्य भी प्रस्तुत किया।

# पंचायती राज संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष ने सांसद दिनेश शर्मा से की मुलाकात



वेलकम इंडिया

**मोदीनगर (अनिल वशिष्ठ)।** ऑल इंडिया पंचायती राज संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष ब्रजवीर दहिया ने पंचायतों के सामने आ रही समस्याओं को लेकर उत्तर प्रदेश के पूर्व डिप्टी सीएम रहे और वर्तमान में राज्यसभा सांसद दिनेश शर्मा से मुलाकात की।पंचायतों की जमीनी समस्याओं को मजबूती से सरकार तक पहुँचाने के लिए ऑल इंडिया पंचायती राज संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष आदरणीय ब्रजवीर दहिया निरंतर सक्रिय हैं।इसी क्रम में उन्होंने उत्तर प्रदेश के पूर्व डिप्टी सीएम व वर्तमान राज्यसभा सांसद दिनेश शर्मा से शिष्टाचार भेंट कर पंचायत प्रतिनिधियों के अधिकार, सम्मान तथा विकास कार्यों में आ रही चुनौतियों पर विस्तृत चर्चा की। ब्रजवीर दहिया ने कहा कि संगठन का स्पष्ट संकल्प पंचायत सशक्त होगी तो गाँव सशक्त होंगे, और गाँव सशक्त होंगे तो भारत अपने वास्तविक विकास की ओर बढ़ेगा।

# नेशनल जूनियर शूटिंग बॉल चैंपियनशिप में क्वार्टर फाइनल और सेमीफाइनल मैच खेले गए

वेलकम इंडिया



**गाजियाबाद (अनिल वशिष्ठ)।** शूटिंग बॉल एसोसिएशन ऑफ उत्तर प्रदेश प्रदेश के अध्यक्ष अजय प्रमुख ने बताया कि 44वीं नेशनल जूनियर शूटिंग बॉल चैंपियनशिप जो कि एचआरआईटी यूनिवर्सिटी गाजियाबाद में 7 नवंबर से 9 नवंबर तक आयोजित की जा रही है जिसमें आज के दिन क्वार्टर फाइनल और सेमीफाइनल मैच खेले गए जिसमें बालिका वर्ग में पहला क्वार्टर फाइनल मैच पंजाब वर्सेस आंध्र प्रदेश के बीच 21-8 , 21-11 से यह मैच पंजाब ने जीत हासिल की दूसरा क्वार्टर फाइनल मैच राजस्थान वर्ष विदर्भ 31-15, 21-18 इस मैच में राजस्थान ने जीत हासिल की। तीसरा क्वार्टर फाइनल मैच गुजरात उत्तर प्रदेश के बीच खेला गया 13-21 , 15-21 से उत्तर प्रदेश की टीम जीत हासिल की चौथा क्वार्टर फाइनल मैच मध्यप्रदेश वर्ष हरियाणा के बीच 15-21 , 15-19 , 19-21 इस मैच को हरियाणा ने जीत हासिल की बालक वर्ग में पहला सेमीफाइनल मैच उत्तर प्रदेश हरियाणा के बीच खेला गया जिसमें 15-21,21-11,20-22, से हरियाणा ने जीत हासिल और फाइनल में जगह बनाई वहीं पर दूसरा सेमीफाइनल मैच पंजाब वर्सेज हरियाणा के बीच खेला गया जिसमें पंजाब 21-8 , 21-9 जीत हासिल की और फाइनल अपनी जगह बनाई। वहीं पर बालिका वर्ग के क्वार्टर फाइनल मैच दिल्ली ५/२ मध्य प्रदेश के बीच खेला गया जिसमें दिल्ली ने 21-4 , 21-8 से ये मैच जीत लिया और दूसरा क्वार्टर फाइनल मैच विदर्भव ५/ उत्तर प्रदेश के बीच 21-15 , 21-17, 21-8 से उत्तर प्रदेश ने जीत हासिल की। तीसरा क्वार्टर फाइनल महाराष्ट्र ५/२ आंध्र प्रदेश के बीच 21-4 , 21-05 जिसमें महाराष्ट्र ने जीत हासिल की। चौथा क्वार्टर फाइनल राजस्थान ५/२ हरियाणा के बीच 21-18 , 21-8 जिसमें राजस्थान ने जीत हासिल की। वहीं पर बालिका वर्ग में सेमीफाइनल मैच दिल्ली ५/२ उत्तर प्रदेश 21-16 , 21-12 में उत्तर प्रदेश ने फाइनल में जगह बनाई। और दूसरा सेमीफाइनल मैच में राजस्थान ५/२ महाराष्ट्र के बीच 21-14 , 21-06 में महाराष्ट्र ने फाइनल में प्रवेश किया` इस चैंपियनशिप में बालिका वर्ग में तृतीय स्थान के लिए दिल्ली ५/२ राजस्थान के मैच खेला गया` जिसमें 21-12,21-18,21-12 से राजस्थान मैच अपने नाम किया।

# प्रधानमंत्री आवास योजना के मकानों पर जल्द ही लाभार्थियों को कब्जा, निर्माण कार्य में गुणवत्ता पर रखी विशेष नजर

वेलकम इंडिया

**गाजियाबाद।** प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत डासना में बनाए जा रहे मकानों के निर्माण कार्य में तेजी लाई जा रही है और जल्द ही लाभार्थियों को इन मकानों पर कब्जा देने की तैयारी है। डासना में इस प्रोजेक्ट का प्रभारी मुख्य अभियंता शनिवार को निरीक्षण के लिए पहुंचे और निर्माण कार्य की गुणवत्ता का स्वयं मूल्यांकन किया। उन्होंने निर्माण सामग्री और तैयार मकानों में प्रयुक्त सामग्रियों की जांच कर एक महीने के भीतर निर्माण कार्य पूर्ण करने के निर्देश ठेकेदार को दिए। गाजियाबाद विकास प्राधिकरण (जीडीए) डासना में प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत कुल 432 मकान तैयार कर रहा है। यह प्रोजेक्ट 1 मार्च 2019 को शुरू हुआ था और इसे 30 जून 2023 तक पूरा करने की समयावधि तय की गई थी। 14,074 वर्ग मीटर क्षेत्र में फैले इस प्रोजेक्ट में अधिकांश भवनों का ढांचा तैयार हो चुका है और निर्माण कार्य तेजी से जारी है। इन आवासीय भवनों में प्रत्येक मकान का कारपेट एरिया 22.67 वर्ग मीटर है, जबकि सुपर एरिया 34.07 वर्ग मीटर है। मकानों में दो कमरे, किचन स्पेस, बाथरूम, उपयोगी स्थान, और बरामदा शामिल है। निर्माण में प्रयुक्त सामग्री की गुणवत्ता का निरीक्षण कर प्रभारी मुख्य अभियंता ने यह सुनिश्चित किया कि सभी भवन मजबूत और दीघार्यु हों। प्रभारी मुख्य अभियंता ने निरीक्षण के दौरान कहा कि निर्माण कार्य में तेजी लाई जा रही है और सभी तैयार मकानों में उपयोग की गई सामग्री की गुणवत्ता पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। उन्होंने ठेकेदार को निर्देश दिए कि सभी मकानों का निर्माण अगले एक महीने में पूरा किया जाए ताकि लाभार्थियों को जल्द से जल्द मकानों का कब्जा दिया जा सके।

# महिला ने लगाया प्लॉट हड़पने का आरोप, दो पर मुकदमा दर्ज, एंटी फ्रॉड सेल की जांच में आरोप सही पाए गए

वेलकम इंडिया

**गाजियाबाद।** खोड़ा क्षेत्र में जमीन हड़पने का एक नया मामला सामने आया है।

दिल्ली निवासी महिला ने आरोप लगाया है कि कुछ लोगों ने फर्जी दस्तावेज तैयार कर उनके प्लॉट पर कब्जा करने की कोशिश की। मामले की जांच एंटी फ्रॉड सेल ने की, जिसमें आरोप सही पाए गए। जांच रिपोर्ट के आधार पर थाना सिहानी गेट पुलिस ने दो आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। दिल्ली के शालीमार गार्डन निवासी चंचल सिंघल ने पुलिस को दी गई शिकायत में बताया कि वर्ष 2023 में उनके पति संजय सिंघल का निधन हो गया था। पति की मृत्यु के बाद वह अपने दो बच्चों के साथ रहकर परिवार का भरण-पोषण कर रही हैं। उन्होंने पति की बीमा पॉलिसी से प्राप्त राशि से खोड़ा क्षेत्र स्थित महालक्ष्मी गार्डन में 100 वर्ग गज का एक प्लॉट खरीदा था। चंचल सिंघल का आरोप है कि खोड़ा निवासी श्रषि यादव पुत्र नानक यादव और संजय शर्मा पुत्र रमाशंकर इस प्लॉट को हड़पने की नीयत से लगातार धमकियां दे रहे हैं।

# गायत्री दिव्य ज्योति कलश यात्रा का मोदीनगर क्षेत्र के प्रत्येक गांवों में रहा है भव्य स्वागत

वेलकम इंडिया



**मोदीनगर (अनिल वशिष्ठ)।** परम पूज्य गुरुदेव श्रीराम शर्मा आचार्य व परम वंदनीया माता भगवती देवी के सूक्ष्म संरक्षण एवं गायत्री माता के परम आशीर्वाद से ज्योति कलश रथ का हुआ मोदीनगर में आगमन।जिसका शहर के प्रत्येक कॉलोनीयों एवं ग्रामीण क्षेत्र के सभी गांवों में बारी-बारी से हो रहा है। भव्य स्वागत। गायत्री शक्तिपीठ मोदीनगर के मुख्य संरक्षक एन०पी०बंसल ने जानकारी देते हुए बताया कि यह रथ यात्रा सम्पूर्ण भारत वर्ष सहित बाहर के अनेकों देशों में भी सम्पन्न की जा रही है। इस कलश यात्रा में चौबीस सौ तीर्थों का जल व रज समाहित है। पिछले कई दिनों से लगातार निकाली जा रही इस पवित्र कलश यात्रा का मोदीनगर क्षेत्र के ग्राम सीकरी खुर्द,महामाया मंदिर,सीकरी कलां,काजमपुर, दौसा,मडैया नंगला बेर,कलछीना,बढ़ायला,मोहम्मदपुर ,सुजानपुर, शामली, अतरौली, दतैडी,मीरापुर, कनकपुर, जोया, अबलपुर, फरीदनगर,आदि में आगमन के दौरान श्रद्धालु लोगों ने भव्य रूप से स्वागत किया।इस कलश यात्रा में शामिल रहे मुख्य श्रद्धालुओं में वीरेंद्र गौड़,धर्मवीर वर्मा,सोराज सिंह,जिले सिंह, अशोक गुप्ता,विकास गुप्ता, रामनाथ त्यागी,राजेंद्र मलिक, सुशील बिन्दल,सुरेश शर्मा,ओडी शर्मा,सहित सैंकड़ो अनुयायी शामिल हो रहे हैं। परम वंदनीया माता के जन्म शताब्दी समारोह वर्ष के उपलक्ष में 12 नवंबर को शाम 5 बजे गायत्री शक्तिपीठ गोविंदपुरी मोदीनगर में विशाल दीप यज्ञ कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा।

# अजय प्रमुख ने दौड़ प्रतियोगिता में भाग लिया




**गाजियाबाद।** 23 वी एशिया मास्टर एथलीट चैंपियनशिप 2025 जवाहरलाल नेहरू स्टेडियम चेन्नई तमिलनाडु मे शूटिंग बॉल एसोसिएशन ऑफ उत्तर प्रदेश प्रदेश के अध्यक्ष अजय प्रमुख ने 100 मीटर, 200 मीटर दौड़ प्रतियोगिता में भाग लिया।

# 44वीं नेशनल जूनियर शूटिंग बॉल चैंपियनशिप में उत्तर प्रदेश और राजस्थान ने बनाई फाइनल में जगह

वेलकम इंडिया




**गाजियाबाद।** 44वीं नेशनल जूनियर शूटिंग बॉल चैंपियनशिप का आयोजन एचआरआईटी यूनिवर्सिटी में 7 नवंबर से 9 नवंबर (रविवार) तक किया जा रहा है। आज प्रतियोगिता के क्वार्टरफाइनल और सेमीफाइनल मुकाबले खेले गए, जिनमें प्रतिभागियों ने शानदार प्रदर्शन किया। बालक और बालिका दोनों वर्गों में मुकाबले बेहद रोमांचक रहे और फाइनल में पहुँचने वाली टीमों का पता चल गया। बालक वर्ग में पहला क्वार्टरफाइनल मुकाबला पंजाब और आंध्र प्रदेश के बीच खेला गया, जिसमें पंजाब ने 21-8, 21-11 से जीत हासिल की। दूसरे क्वार्टरफाइनल में राजस्थान ने विदर्भ को 31-15, 21-18 से हराया। तीसरे क्वार्टरफाइनल में उत्तर प्रदेश ने गुजरात को 13-21, 15-21 से मात दी। चौथे क्वार्टरफाइनल मुकाबले में हरियाणा ने मध्यप्रदेश को 15-21, 15-19, 19-21 से हराकर सेमीफाइनल में प्रवेश किया। सेमीफाइनल में पहला मुकाबला उत्तर प्रदेश और हरियाणा के बीच हुआ, जिसमें हरियाणा ने 15-21, 21-11, 20-22 से जीत हासिल कर फाइनल में जगह बनाई। वहीं दूसरे सेमीफाइनल मुकाबले में पंजाब ने हरियाणा को 21-8, 21-9 से हराकर फाइनल में प्रवेश किया।

# मोदीनगर में हापुड़ रोड पर आरओबी निर्माण का काम शुरू, लेकिन तैयारियों की कमी से लोगों को हो रही भारी परेशानी

वेलकम इंडिया



**मोदीनगर।** हापुड़ रोड पर रेलवे फाटक से मोदीपोन चौकी तक आरओबी (रेलवे ओवरब्रिज) का निर्माण कार्य शुरू हो गया है, लेकिन प्रशासनिक और पुलिस स्तर पर तैयारियाँ पर्याप्त नहीं होने के कारण स्थानीय लोग रोजाना भारी परेशानी झेल रहे हैं। आरओबी निर्माण के कारण हापुड़ रोड को बिना डायवर्जन के वन-वे कर दिया गया है, जिससे पूरे दिन जाम की स्थिति बनी रहती है।

सड़क पर जगह-जगह गड्ढ़े हैं, जिन्हें कुछ जगह मिट्टी डालकर अधूरी तरह भरा गया है। इससे रास्ता कीचड़ और धूल से भर गया है। सड़क किनारे मिट्टी का ढ़ेर होने के कारण वाहन दुर्घटना का खतरा बना रहता है। स्थानीय लोग और वाहन चालकों को इस मार्ग से गुजरने में काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। हापुड़ रोड पर राजचौपले के निकट रेलवे फाटक से आरओबी का निर्माण कार्य शुरू हुआ है। रेलवे फाटक से मोदीपोन चौकी तक की सड़क वन-वे कर दी गई है। इस सड़क पर हमेशा वाहनों का दबाव बना रहता है। बड़े वाहन और आमने-सामने आने वाले वाहन जाम को और गंभीर बना देते हैं। दो मिनट की दूरी तय करने में कभी-कभी घंटों लग जाते हैं। रेलवे फाटक के पास कई स्कूल हैं। शहर की अधिकांश कालोनियों से बच्चे इन स्कूलों में पढ़ाई के लिए आते हैं। छोटे बच्चों को उनके अभिभावक छोडे आते हैं। आरओबी निर्माण और जाम के कारण बच्चे समय पर स्कूल नहीं पहुंच पा रहे हैं। अभिभावकों के लिए दोपहिया वाहन चलाना जोखिमपूर्ण हो गया है। हापुड़ रोड से गदाना, खंजरपुर, मछरी, भोजपुर, ईशापुर समेत कई गांव जुड़े हैं। शुगर मिल का पेराई सत्र शुरू हो गया है। किसान ट्रैक्टर और बुग्गी में गन्ना भरकर शुगर मिल जाते हैं, लेकिन रेलवे फाटक के पास जाम में फंस जाते हैं। जाम के कारण वाहन पलटने का खतरा भी बना रहता है। अजित कुमार सिंह, एसडीएम मोदीनगर ने बताया कि लोगों की समस्याओं को लेकर प्रशासन गंभीर है। समय-समय पर निरीक्षण कर समस्याओं को दूर किया जा रहा है। आरओबी निर्माण के लिए योजना तैयार की जा चुकी है और जल्द ही लोगों को इन परेशानियों से निजात दिलाने की कोशिश की जा रही है। आरओबी बनने के बाद हापुड़ रोड की यातायात व्यवस्था सुचारू होगी और जाम, गड्ढ़े और दुर्घटना का खतरा कम होगा। फिलहाल, प्रशासन और पुलिस की ओर से मार्ग में व्यवस्थाएं सुधारने के प्रयास लगातार जारी हैं।

# विवाह योग्य जाट युवक-युवती 12वाँ परिचय सम्मेलन की तैयारियाँ तेज

वेलकम इंडिया

**गाजियाबाद।** विवाह योग्य जाट युवक-युवतियों के लिए आयोजित होने वाले 12वें परिचय सम्मेलन को लेकर तैयारियाँ जोरों पर हैं। इसी क्रम में रविवार को जाट समाज की एक महत्वपूर्ण तैयारी बैठक आर.डी.सी स्थित जाट समाज कार्यालय पर आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता समाज के संरक्षक चेयरमैन अमरजीत सिंह बिड्डी एवं अध्यक्ष अरुण चौधरी (भुल्लन) ने संयुक्त रूप से की। बैठक में आयोजन की रूपरेखा, पंजीकरण प्रक्रिया एवं सम्मेलन की व्यवस्थाओं पर विस्तार से चर्चा की गई। बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि विवाह योग्य युवक-युवतियों का 12वाँ परिचय सम्मेलन आगामी 21 दिसंबर 2025, रविवार को प्रातः 10 बजे से सायं 4 बजे तक गोल्डन कैसल पार्टी लॉन, बी-30, साइट-4, इंडस्ट्रियल एरिया, साहिबाबाद में आयोजित किया जाएगा। समिति ने स्पष्ट किया कि सम्मेलन में केवल पंजीकृत प्रतिभागियों को ही प्रवेश मिलेगा। पंजीकरण की अंतिम तिथि 10 दिसंबर 2025 तय की गई है। इस तिथि के बाद किसी भी परिस्थिति में पंजीकरण फॉर्म स्वीकार नहीं किए जाएंगे। समिति ने बताया कि यह सम्मेलन केवल गाजियाबाद ही नहीं बल्कि मेरठ, हापुड़, नोएडा, बागपत, बुलंदशहर एवं आसपास के जिलों के विवाह योग्य युवक-युवतियों और उनके अभिभावकों के लिए भी खुला रहेगा, जिससे समाज के अधिक से अधिक परिवार इस उपयोगी आयोजन का लाभ उठा सकें।संरक्षक चेयरमैन अमरजीत सिंह बिड्डी ने बैठक में कहा कि यह परिचय सम्मेलन समाज के भीतर वैवाहिक संबंधों के लिए एक सम्मानजनक, सुरक्षित और प्रभावी मंच प्रदान करता है। उन्होंने कहा कि जाट समाज ने सदैव सामाजिक एकता और परंपरा को मजबूत करने का कार्य किया है, और यह सम्मेलन उसी दिशा में एक सशक्त कदम है। हमारा प्रयास है कि प्रत्येक परिवार समय रहते पंजीकरण कर इस गरिमामय आयोजन का हिस्सा बने और योग्य परिवारों को एक-दूसरे से जोडे में सहयोग दें। अध्यक्ष अरुण चौधरी (भुल्लन) ने बताया कि आयोजन की तैयारियाँ तेजी से चल रही हैं और आयोजन स्थल गोल्डन कैसल पार्टी लॉन को पूरी तरह सुसज्जित किया जाएगा। उन्होंने कहा कि समिति का उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि प्रत्येक प्रतिभागी को एक सम्मानजनक और सहज वातावरण में एक-दूसरे से परिचित होने का अवसर मिले। उन्होंने समाज के सभी अभिभावकों से अपील की कि वे निर्धारित समय सीमा में पंजीकरण करवाकर अपने बच्चों के भविष्य के इस महत्वपूर्ण आयोजन का लाभ उठाएँ। मीडिया प्रभारी प्रदीप चौधरी ने बताया कि परिचय सम्मेलन के माध्यम से समाज में वैवाहिक परिचय की प्रक्रिया को पारदर्शी, सम्मानजनक और आधुनिक स्वरूप में आगे बढ़ाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि जाट समाज सदैव एकता, परंपरा और सामाजिक सहयोग के मूल्यों पर खरा उतरा है। यह आयोजन समाज के बंधनों को और भी मजबूत करेगा और आने वाली पीढ़ी को वैचारिक और सांस्कृतिक रूप से एकजुट करने में सहायक सिद्ध होगा। बैठक के दौरान आयोजन को सफल बनाने के लिए विभिन्न जिम्मेदारियों का निर्धारण किया गया। समाज के वरिष्ठ सदस्यों ने सम्मेलन को सुव्यवस्थित बनाने के लिए अपने सुझाव भी साझा किए। इस अवसर पर अमरजीत सिंह बिड्डी, अरुण चौधरी (भुल्लन), धर्मेंद्र चौधरी, अरविंद बालियन, प्रदीप चौधरी, जगबीर चौधरी, दीपक चौधरी, एस.एस. खोखर, हिमांशु तेवतिया, डी.के. चौधरी, जयप्रकाश, श्याम सिंह, करुणा चौधरी, डॉ. मोना चौधरी, सुमन चौधरी, राखी चौधरी, डॉ. रणवीर सिंह, विनोद फौजी, अजब सिंह, गुड्डू चौधरी सहित अनेक समाज बंधु उपस्थित रहे। बैठक के अंत में यह संकल्प लिया गया कि 12वाँ परिचय सम्मेलन समाज की एकता और गौरव का प्रतीक बनेगा और इस आयोजन के माध्यम से अधिक से अधिक योग्य युवक-युवतियों को उनके जीवनसाथी से मिलने का अवसर मिलेगा।




**आर.डी.सी जाट समाज कार्यालय पर हुई बैठक**

# प्रताप विहार सेक्टर-11 में आरडब्ल्यूए चुनाव को लेकर विवाद गहराया, सेवानिवृत्त सैनिक के अपमान पर लोगों ने किया बैठक का बहिष्कार

वेलकम इंडिया

**गाजियाबाद।** प्रताप विहार सेक्टर-11 स्थित जी-ब्लॉक डुप्लेक्स एवं एचआईजी कॉलोनी में रेजिडेंट वेलफेयर एसोसिएशन (आरडब्ल्यूए) के चुनाव को लेकर तनाव की स्थिति बन गई है। लगभग 17 वर्ष पूर्व सर्वसम्मति से चुने गए वर्तमान अध्यक्ष पर लगातार पद पर बने रहने के आरोप लग रहे हैं। स्थानीय निवासियों का कहना है कि इतने लंबे समय बाद अब बदलाव आवश्यक है।

निवासियों के अनुसार अध्यक्ष द्वारा बनाया गया व्हाट्सऐप ग्रुप शुरू से ही केवल एडमिन मोड में रखा गया है, जिसमें आम सदस्य अपनी बात नहीं रख सकते। इसी के चलते निवासियों ने अलग समूह बनाकर संवाद की शुरूआत की और बदलाव की मांग रखी, जिसके बाद मौजूदा अध्यक्ष सक्रिय हुए और कॉलोनी में हुए विकास कार्यों का श्रेय अपने नाम से पोस्ट करने लगे।

बदलाव की मांग पर आम सहमति से 9 नवंबर को बैठक तय की गई। रविवार को आयोजित बैठक में सभी को अपने विचार रखने के लिए कहा गया था। इसी दौरान जी-147 निवासी एक सेवानिवृत्त सैनिक ने जब अपनी बात रखनी चाही तो आरोप है कि कमेटी के ही एक पदाधिकारी ने उन्हें सभा से बाहर जाने को कह दिया। इस घटनाक्रम के बाद बैठक का माहौल तनावपूर्ण हो गया और बड़ी संख्या में लोगों ने बैठक का बहिष्कार कर दिया।

## चुनाव को लेकर नियमों पर सवाल

स्थानीय निवासियों का कहना है कि आरडब्ल्यूए के बायलॉज के अनुसार मौजूदा अध्यक्ष दोबारा चुनाव नहीं लड़ सकते, लेकिन अध्यक्ष और पदाधिकारी बायलॉज में बदलाव का प्रस्ताव रख रहे हैं। साथ ही अगले रविवार को चुनाव कराने की घोषणा भी कर दी गई है, जबकि निवासियों के अनुसार यह प्रक्रिया नियमों के अनुरूप नहीं है।

## तनाव का माहौल बरकरार

बैठक के बाद से कॉलोनी में माहौल तनावपूर्ण बना हुआ है। निवासियों का कहना है कि आरडब्ल्यूए को लोकतांत्रिक तरीके से चलना चाहिए और सभी की भागीदारी सुनिश्चित होनी चाहिए। वहीं, कुछ निवासी निष्पक्ष और पारदर्शी चुनाव के लिए जिला प्रशासन से हस्तक्षेप की मांग की तैयारी में हैं।

# छह दिन से लापता महिला वैशाली मेट्रो स्टेशन से सकुशल बरामद

**गाजियाबाद।** मोदीनगर के सीकरी खुर्द गांव से 30 अक्टूबर को लापता हुई महिला को मोदीनगर पुलिस ने शुक्रवार देर रात गाजियाबाद के वैशाली मेट्रो स्टेशन के पास से सकुशल बरामद कर लिया। पुलिस की सक्रियता और तकनीकी मदद से यह सफलता मिली है। फिलहाल महिला को वन स्टॉप सेंटर भेजा गया है। पूछताछ में महिला ने बताया कि वह पति से विवाद के कारण स्वयं घर छोड़कर चली गई थी। महिला के मिलने से परिवार और ग्रामीणों ने राहत की सांस ली है, वहीं पुलिस का आभार भी जताया है। सीकरी खुर्द गांव निवासी एक व्यक्ति की पत्नी ट्यूशन पढ़ाने का कार्य करती है। 30 अक्टूबर की शाम वह अचानक संदिग्ध परिस्थितियों में लापता हो गई थी। देर रात तक जब महिला घर नहीं लौटी तो स्वजन चिंतित हो उठे। उन्होंने आसपास और परिचितों में तलाश की, लेकिन महिला का कोई सुराग नहीं लगा। अगले दिन पुलिस में गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज कराई गई।

पुलिस ने जांच शुरू की तो महिला का मोबाइल फोन और कुछ कपड़े मोदिपोन कॉलोनी इलाके से बरामद हुए। इससे स्वजन की चिंता और बढ़ गई। उन्हें किसी अनहोनी की आशंका सताने लगी।

# वैशाली सेक्टर-1 में विकास कार्यों से बदल रहा क्षेत्र का स्वरूप



वेलकम इंडिया

**गाजियाबाद।** वैशाली सेक्टर-1 स्थित प्लॉट नंबर 397 से 331 तक की सड़क निर्माण कार्य का शुभारंभ रविवार को बड़े उत्साह के साथ किया गया। यह विकास कार्य क्षेत्रीय पार्षद कुसुम मनोज गोयल की पार्षद निधि से कराया जा रहा है। कार्यक्रम का शुभारंभ समाजसेवी के.एल. शर्मा ने नारियल फोड़कर किया। इस मौके पर क्षेत्रवासियों में हर्ष का माहौल देखने को मिला।

कार्यक्रम के दौरान पार्षद कुसुम मनोज गोयल ने क्षेत्र के वरिष्ठ नागरिकों का फूलमालाओं से सम्मान किया और कहा कि क्षेत्र का समग्र विकास उनकी प्राथमिकता में शामिल है। उन्होंने कहा कि वैशाली सेक्टर-1 में सड़क, जलनिकासी, पार्क, स्ट्रीट लाइट और सफाई जैसी सुविधाओं को बेहतर बनाने के लिए लगातार कार्य किए जा रहे हैं। पार्षद ने कहा कि उनका लक्ष्य है कि वैशाली वार्ड को एक आदर्श वार्ड के रूप में विकसित किया जाए, जहाँ हर नागरिक को मूलभूत सुविधाएं सहजता से उपलब्ध हों। उन्होंने कहा कि इस सड़क के निर्माण से न केवल लोगों को आवागमन में सुविधा मिलेगी, बल्कि जलभराव और धूल की समस्या से भी राहत मिलेगी। उन्होंने बताया विकास कार्य जनता के सहयोग से ही संभव है। मैं अपने क्षेत्र के प्रत्येक नागरिक का धन्यवाद करती हूँ जिन्होंने हर कार्य में हमें सहयोग और सुझाव दिए हैं।

कुसुम मनोज गोयल ने इस कार्य को स्वीकृति और सहयोग देने के लिए नगर निगम गाजियाबाद की महापौर सुनीता दयाल और नगर आयुक्त विक्रमादित्य मलिक का आभार जताया। उन्होंने कहा कि नगर निगम प्रशासन के सहयोग से क्षेत्र में कई लंबित विकास कार्यों को तेजी से पूरा किया जा रहा है। कार्यक्रम के दौरान समाजसेवी के.एल. शर्मा ने कहा कि पार्षद कुसुम मनोज गोयल के नेतृत्व में क्षेत्र में लगातार सकारात्मक बदलाव देखने को मिल रहे हैं।

# तेज रफ्तार कार की टक्कर से बाइक सवार आशा वर्कर समेत दो की मौत

**मुरादनगर।** रावली रोड पर काकड़ा गांव के पास शनिवार रात तेज रफ्तार कार की टक्कर से बाइक सवार महिला और व्यक्ति की मौत हो गई। हादसे के बाद अनियंत्रित होकर कार पलट गई। सुराना गांव निवासी आशा वर्कर कृष्णा देवी ने गांव के कुतुबुद्दीन की पुत्रवधु को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया था। कुतुबुद्दीन की पुत्रवधु ने बेटे को जन्म दिया। शनिवार रात कुतुबुद्दीन बाइक से कृष्णा देवी को सुराना गांव छोड़ने जा रहे थे। रावली रोड पर काकड़ा गांव के पास पहुंचे तो सामने से आ रही तेज रफ्तार कार ने उनकी बाइक में टक्कर मार दी। हादसे के बाद कार अनियंत्रित होकर एक ऑटो को साइड मारकर सड़क किनारे पेड़ से टकराकर पलट गई।

# एडिशनल सीपी केशव कुमार चौधरी ने थाना कोतवाली और विजयनगर का निरीक्षण कर लंबित विवेचनाओं के निस्तारण के दिए निर्देश

वेलकम इंडिया



**गाजियाबाद।** अतिरिक्त पुलिस आयुक्त मुख्यालय/अपराध केशव कुमार चौधरी ने रविवार को सर्किल कोतवाली क्षेत्र के थाना कोतवाली एवं थाना विजयनगर में लंबित विवेचनाओं के समयबद्ध निस्तारण के लिए विशेष निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने आदेश कक्ष का विवेचकवार आयोजन कर प्रतिवर्ती विवेचक से लंबित मामलों की स्थिति और उनके निस्तारण की प्रगति की समीक्षा की। एसीपी रितेश त्रिपाठी ने इस अवसर पर स्पष्ट निर्देश दिए कि सभी लंबित विवेचनाओं को निर्धारित समय सीमा में निपटाया जाए ताकि न्यायिक प्रक्रिया में किसी प्रकार की देरी न हो। उन्होंने कहा कि प्रत्येक विवेचक को अपने थाने में लंबित मामलों का ब्यौरा समय-समय पर प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा और उनकी समीक्षा सर्किल स्तर पर नियमित रूप से की जाएगी। निरीक्षण के दौरान केशव कुमार चौधरी ने थाने के अधिकारी और कर्मियों को जिम्मेदारी और तत्परता के साथ कार्य करने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि जनता के प्रति विश्वास बनाए रखने और अपराध नियंत्रण के लिए पुलिस का समयबद्ध कार्य अत्यंत आवश्यक है। थाना कोतवाली और विजयनगर में निरीक्षण के दौरान लंबित मामलों की समीक्षा, आदेश कक्ष में विवेचकवार बैठक, दस्तावेजों की जांच और मामले के निस्तारण की प्रक्रिया की गहन समीक्षा की गई। उन्होंने यह सुनिश्चित किया कि लंबित मामलों का निपटारा प्रभावी और पारदर्शी तरीके से किया जाए। एसीपी ने सभी थानेदारों और कर्मियों को निर्देश दिए कि जनता की समस्याओं का समाधान शीघ्र और सटीक तरीके से किया जाए तथा लंबित मामलों के निस्तारण में किसी भी प्रकार की लापरवाही न हो। निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने लंबित मामलों के निस्तारण के लिए स्पष्ट योजना और समयसीमा तय की।

# इंदिरापुरम और खोड़ा के दो लोगों से साइबर अपराधियों ने की ठगी, पुलिस ने जांच शुरू की

वेलकम इंडिया

**गाजियाबाद।** ऑनलाइन कारोबार और शेयर बाजार में तगड़े मुनाफे का लालच देकर साइबर अपराधियों ने दो लोगों से कुल 69.31 लाख रुपये की ठगी कर ली। इंदिरापुरम और खोड़ा थाना क्षेत्र में हुई इन दोनों घटनाओं ने एक बार फिर यह साबित कर दिया है कि साइबर ठग अब तकनीक का दुरुपयोग कर नए-नए तरीके निकाल रहे हैं। दोनों पीड़ितों की शिकायत पर साइबर अपराध थाना पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। इंदिरापुरम थाना क्षेत्र के राजहंस अपार्टमेंट निवासी सुमित त्यागी से एक युवती ने सोशल मीडिया प्लेटफार्म के माध्यम से दोस्ती कर संपर्क साधा। युवती ने अपना नाम दिव्या मिश्रा बताया और ऑनलाइन कारोबार के जरिए तेजी से पैसा कमाने का झांसा दिया। बातचीत बढे के बाद उसने सुमित त्यागी को विशु शॉप नामक एक ऑनलाइन व्यापार प्लेटफार्म से जोड़ लिया और उन्हें फर्जी ऑर्डर पूरे करने के नाम पर कई बार भुगतान करने को कहा। सुमित त्यागी ने विश्वास में आकर कई किस्तों में कुल 38.74 लाख रुपये अलग-अलग बैंक खातों में भेज दिए।

# अटेवा परिवार ने आयोजित की श्रद्धांजलि सभा

वेलकम इंडिया




**गाजियाबाद।** एच.एच.के.एम. इंटर कॉलेज माधोपुरा में रविवार को अटेवा गाजियाबाद परिवार की ओर से लोनी संगठन के संयुक्त मंत्री स्वर्गीय मनोज कुमार कुशवाहा को श्रद्धांजलि देने के लिए श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। इस अवसर पर एटवा संगठन के पदाधिकारियों और शिक्षकों ने एकत्र होकर स्वर्गीय कुशवाहा जी के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें नमन किया। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित सभी पदाधिकारियों ने स्वर्गीय मनोज कुमार कुशवाहा, स्वर्गीय श्रीमती अर्चना सिंह (सहायक अध्यापक, सीएस टीला लोनी) और स्वर्गीय अतर सिंह भार्गव (पूर्व खंड शिक्षा अधिकारी, लोनी) की स्मृति में दो मिनट का मौन रखकर ईश्वर से उनकी आत्मा की शांति एवं सद्गति के लिए प्रार्थना की। सभा में वक्ताओं ने इन तीनों शिक्षाविदों के समाज और शिक्षा जगत में किए गए योगदान को याद करते हुए उन्हें सच्ची श्रद्धांजलि दी। संस्था के पदाधिकारियों ने कहा कि स्वर्गीय मनोज कुमार कुशवाहा का संगठन के प्रति समर्पण और कर्मठता हमेशा याद रखी जाएगी। सभा की अध्यक्षता एच.एच.के.एम. इंटर कॉलेज के प्रधानाचार्य डॉ. राजकुमार ने की। उन्होंने अपने उद्बोधन में कहा कि स्वर्गीय कुशवाहा, अर्चना सिंह और अतर सिंह भार्गव शिक्षा के क्षेत्र में ऐसी तीन प्रेरक विभूतियां थीं जिन्होंने अपने जीवन से समाज में सेवा, निष्ठा और संस्कार का उदाहरण प्रस्तुत किया। कार्यक्रम के दौरान एटवा गाजियाबाद की ओर से श्रीमती पूजा यादव (कन्या वैदिक इंटर कॉलेज, जिला उपाध्यक्ष महिला प्रकोष्ठ) और श्री सुभाष यादव को माध्यमिक प्रकोष्ठ लोनी का दायित्व सौंपते हुए नियुक्ति पत्र प्रदान किए गए। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से डॉ. राजकुमार (प्रधानाचार्य), मनीष कुमार शर्मा (जिलाध्यक्ष), प्रदीप कुमार चौहान (जिला कोषाध्यक्ष), राम शेष वर्मा (जिला महामंत्री), आरती वर्मा (जिलाध्यक्ष महिला प्रकोष्ठ), मीनू शर्मा (जिला महामंत्री महिला प्रकोष्ठ), सुधा देवी (ब्लॉक संरक्षक, लोनी), पूजा यादव (जिला उपाध्यक्ष, महिला प्रकोष्ठ), अमित कुमार त्यागी (वरिष्ठ जिला उपाध्यक्ष), अमिताभ पांडे (महानगर अध्यक्ष), दीपक कुमार चौबियान (संगठन मंत्री), राजपाल यादव (ब्लॉक अध्यक्ष भोजपुर) आदि मौजूद रहे।

# लोनी में मिला युवक का अधजला शव, पुलिस जांच में जुटी



वेलकम इंडिया

**गाजियाबाद।** थाना लोनी क्षेत्र के कावेरी सिटी कॉलोनी के पास रविवार सुबह एक अधजले युवक का शव मिलने से इलाके में सनसनी फैल गई। शव डंपिंग ग्राउंड के समीप खाली पड़ी भूमि पर जलती हुई अवस्था में पड़ा मिला। स्थानीय लोगों ने जब धुआं उठता देखा तो पास जाकर जांच की, जहां एक युवक का शव आग की लपटों में जल रहा था। लोगों ने तुरंत घटना की सूचना पुलिस को दी। कुछ ही देर में मौके पर पुलिस और फोरेंसिक टीम पहुंच गई और घटनास्थल को घेरकर जांच शुरू कर दी। सूचना पर पुलिस उपायुक्त (ग्रामीण) सुरेन्द्र नाथ तिवारी, एसीपी लोनी समेत फोरेंसिक टीम मौके पर पहुंची। अधिकारियों ने घटनास्थल की बारीकी से जांच की और आसपास के क्षेत्र का मुआयना किया। पुलिस ने बताया कि शव लगभग 80 प्रतिशत तक जल चुका था, जिससे उसकी पहचान नहीं हो सकी। न तो चेहरा पहचाना जा सका और न ही शरीर पर कोई ऐसा निशान मिला जिससे पहचान संभव हो। कावेरी सिटी कॉलोनी से कुछ दूरी पर नगर पालिका द्वारा बनाया गया अस्थायी डंपिंग ग्राउंड स्थानीय निवासियों के लिए पहले से ही परेशानी का कारण बना हुआ है। रविवार सुबह जब कुछ लोग कूड़े के ढेर के पास पहुंचे तो बंद पड़े एक मकान के पीछे युवक का अधजला शव दिखाई दिया। शव देखने के बाद आसपास के लोगों में दहशत फैल गई और मौके पर भीड़ एकत्र हो गई।

# आर्य समाज कविनगर का 51वां वार्षिकोत्सव धूमधाम से सम्पन्न

वेलकम इंडिया

**गाजियाबाद।** आर्य समाज कविनगर का 51वां त्रिदिवसीय वार्षिकोत्सव रविवार को अत्यंत श्रद्धा, भक्ति और उत्साह के साथ सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम की अध्यक्षता समाज के वरिष्ठ सदस्य बृजपाल गुप्ता ने की। होशंगाबाद से पधारे आचार्य आनंद पुरुषार्थी के ब्रह्मत्व में महायज्ञ का आयोजन हुआ, जिसमें क्षेत्र के सैकड़ों श्रद्धालु उपस्थित रहे। महायज्ञ के मुख्य यजमान श्रीमती ईषिता गोयल एवं रचित गोयल, शुभा गौतम एवं अमित गौतम रहे। यज्ञ के दौरान आचार्य आनंद पुरुषार्थी ने संध्या मंत्रों के अर्थ और महत्व पर विस्तृत प्रकाश डाला तथा यज्ञोपरांत यजमानों को आशीर्वाद देते हुए उनके परिवार के सुख, शांति और समृद्धि की ईश्वर से प्रार्थना की। कार्यक्रम में मुजफ्फरनगर से पधारे आर्य समाज के प्रसिद्ध भजनोपदेशक आचार्य कुलदीप विद्यार्थी और मृदुला अग्रवाल ने अपने मधुर भजनों से वातावरण को भक्ति और भावनाओं से सराबोर कर दिया। उनके भजनों पर उपस्थित श्रद्धालु भावविभोर होकर झूम उठे। मुख्य प्रवचन में आचार्य आनंद पुरुषार्थी ने राष्ट्र की धरोहर-युवा विषय पर अपने विचार प्रकट करते हुए कहा कि भूमि, भाषा, व्यक्ति और संस्कृति की रक्षा से ही राष्ट्र का उत्थान संभव है। उन्होंने कहा कि ईश्वर प्रदत्त वेद मार्ग पर चलना ही सच्ची आस्तिकता है। द्वंद्वों और कठिनाइयों में भी वेद मार्ग का त्याग न करना ही आस्तिकता का सर्वोच्च स्वरूप है। उन्होंने स्वामी श्रद्धानंद, गुरु दत्त विद्यार्थी, लेखराम, भगवान श्रीराम और श्रीकृष्ण जैसे महापुरुषों के जीवन उदाहरणों के माध्यम से आस्तिकता के वास्तविक अर्थ को स्पष्ट किया। आचार्य चन्द्रपाल शास्त्री ने कहा कि केवल ईश्वर को मानना और जानना ही आस्तिकता नहीं है।

